आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



# वायनाड में तबाही

# लैंडस्लाइड से 49 मौतें, 400 फंसे







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण भारत के केरल के वायनाड में भीषण बारिश के बीच लैंडस्लाइड (भूस्खलन) से बड़ी भारी तबाही हुई है। इसमें 400 से ज्यादा लोग फंस गए हैं। लोगों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक अब तक 49 लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। लैंडस्लाइड में फंसे लोगों को बचाने के लिए एनडीआरएफ जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक लैंडस्लाइड मंगलवार की सुबह तड़के करीब 2 बजे हुई। इसके बाद सुबह करीब 4.10 बजे फिर एक बार लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के चलते करीब 400 से ज्यादा लोग मलबे में फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रगति के साथ मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। अस्तपाल में भर्ती कई लोगों की हालत गंभीर है।

केरल के मुख्य सचिव वी वेणु ने बताया कि लैंडस्लाइड करीब 2-3 बार हुई। लैंडस्लाइड से घायल होने वाले 16 लोगों को वायनाड के मेप्पाडी में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा है कि वायनाड में भूस्खलन के बाद सभी संभावित बचाव कार्यों का समन्वय किया जाएगा। घटना के बारे में पता चलते ही सरकारी तंत्र बचाव अभियान में जुट गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन में राज्य की सभी सरकारी एजेंसियां लगी हुई हैं। आज राज्य के मंत्री घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं।

## भूस्खलन से व्यथित हूं : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में भूस्खलन में मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और केरल में भारी बारिश के कारण मंगलवार तड़के वायनाड में हुए बड़े पैमाने पर भूस्खलन के बाद केंद्र की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाने की घोषणा की है। वायनाड में हुए बड़े पैमाने पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## वायनाड में भूस्खलन से बेहद दुःखी : राहुल



वायनाड भूस्खलन पर लोकसभा में विपक्ष के नेता और वायनाड से पूर्व सांसद राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा है कि मैं वायनाड में मेप्पाडी के पास हुए बड़े पैमाने पर भूस्खलन से बहुत दुखी हूं... मैंने केरल के मुख्यमंत्री और वायनाड जिला कलेक्टर से बात की है, जिन्होंने मुझे आश्वासन दिया (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हेल्पलाइन नंबर जारी

लाके के सीएमओ के मुताबिक भारी बारिश के बाद वायनाड में भूस्खलन हुआ है। यहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने एक कंट्रोल रूम स्थापित कर लिया है। आपातकालीन सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 9656938689 और 8086010833 भी जारी किए गए हैं। वायुसेना के दो हेलीकॉप्टर Mi-17 और एक ALH सुबह 7.30 बजे तमिलनाडु के सुलूर से रवाना कि जाएंगे।

## केरल के पांच जिलों में अलर्ट जारी

राज्य सरकार ने 5 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों के लिए अलर्ट जारी हुआ है, उनमें कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझिकोड और मल्लपुरम शामिल है। इन जिलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## सेना रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी

हादसे की भयावहता को देखते हुए सेना से रेस्क्यू ऑपरेशन का अनुरोध किया गया था, जिसके बाद सेना ने 4 टुकड़ियां जुटाई गई हैं। इनमें 122 इन्फैंट्री बटालियन (प्रादेशिक सेना) की दो टुकड़ियां और कन्नूर के DSC सेंटर की 2 टुकड़ियां शामिल हैं। बचाव अभियान के लिए अब तक तैनात सेना की कुल संख्या लगभग 225 है, जिसमें चिकित्साकर्मी भी शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित हैं : मुख्यमंत्री

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिलाओं व बच्चों पर होने वाले यौन उत्पीड़न पर आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर जवाब देते हुए कहा कि इन मामलों में आरोपियों को सजा देने में यूपी देश में तीसरे स्थान पर है। आज उत्तर प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित हैं। महिला अपराधों में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

विधानसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में एक महिला थाना बनाया गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### चाचा को फिर गच्चा : योगी

उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। विधानसभा में नेता विपक्ष बनाए जाने के बाद माता प्रसाद पांडे ने सीएम योगी से महिला अपराधों को लेकर सवाल पूछा था, जिस पर बोलते हुए सीएम योगी ने पहले उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने अखिलेश यादव और शिवपाल यादव पर तंज कसते हुए कहा कि चाचा हर बार गच्चा खा जाते हैं। सीएम योगी ने कहा कि आपके (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कार की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक की टक्कर लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-104 के पास तेज गति में आ रही है ब्रेजा कार के चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक कुलदीप सिंह तथा उसमें बैठी अन्य सवारियां घायल हो गई। घायलों को यथार्थ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने कुलदीप को मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के पिता अनार सिंह ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मजदूर को सांप ने काटा, हुई मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना क्षेत्र के एक निर्माण अधिनियम फैक्ट्री में सो रहे मजदूर को सांप ने काट लिया। सांप के काटने से मजदूर की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मूल रूप से ग्राम जगदार जनपद मोतीहारी बिहार निवासी रोशन पुत्र होशियार एक निर्माण अधीन फैक्ट्री में मजदूरी का काम करता था। रोशन फैक्ट्री में ही रह रहा था। रात्रि के समय उसे जहरीले सांप ने काट लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## प्राइवेट कॉलेज के प्राचार्य ने सरकारी नौकरी के लिए किया फर्जीवाड़ा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गोरखपुर विश्वविद्यालय में नौकरी के लिए ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट कॉलेज के प्राचार्य ने जालसाजी कर अपना अनुभव प्रमाण पत्र बनवा लिया। इस फर्जी प्रमाण के पत्र के बलबूते प्राचार्य को सरकारी नौकरी भी मिल गई। लेकिन प्राचार्य के फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद उसके खिलाफ थाना दादरी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

दादरी स्थित विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ़ लॉ के कुल सचिव डा. अमित मोदी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके संस्थान में 5 दिसंबर 2018 को डॉ मनोज मलिक पुत्र राजपाल मलिक निवासी आवास विकास कॉलोनी डम रोड जिला बुलंदशहर ने बतौर प्राचार्य के रूप में ज्वाइन किया था। डॉ मनोज मलिक पद पर 4 सितंबर 2023 तक रहे। संस्थान में बतौर प्राचार्य रहते हुए डॉ मनोज मलिक के पास संस्थान के लेटरहेड, मोहर इत्यादि आधिकारिक कार्यों के लिए उनके पास उपलब्ध रहते थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मौसी के घर गई किशोरी लापता

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के हबीबपुर गांव में किराए पर रहने वाली विमलेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी 26 जुलाई को घर से बिना बताए चली गई। उन्होंने इसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जानकारी करने पर पता चला कि वह किसी युवक के साथ गई है। थाना फेस-2 क्षेत्र के सलारपुर में रहने वाली किशोरी 10 जुलाई को अपने घर से भंगेल में रहने वाली अपनी मौसी के यहां जाने के लिए कह कर निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं पहुंची। किशोरी के पिता ने पड़ोस में रहने वाले बिहार निवासी सूरज पर अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का शक जताया है।

## केजरीवाल पर उत्पीड़न के विरोध में आप का प्रदर्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** केन्द्र सरकार द्वारा पार्टी के संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा उनका उत्पीड़न करने के विरोध में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रभारी सीएम चौहान तथा जिलाध्यक्ष राकेश अवाना के नेतृत्व में सेक्टर-19 स्थित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने कहा कि केन्द्र सरकार व भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली (शेष पृष्ठ-3 पर)

## लाखों रुपये के वाहन चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोर दो स्कूटी सहित चार वाहनों को चोरी कर ले गए। वहीं थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में डिलीवरी देने आए एक व्यक्ति की ई-स्कूटी से चोरों ने बैटरी चोरी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना फेस-2 में दर्ज कराई रिपोर्ट में भागलपुर बिहार निवासी मनजीत कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार सहित हौजरी कांपलेक्स की एक कंपनी में रहते हैं। 24 जुलाई को उन्होंने अपनी स्कूटी कंपनी परिसर में खड़ी की थी। सुबह जब वह सोकर उठे तो उनकी स्कूटी गायब थी।

थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-88 स्थित सब्जी मंडी के बाहर से हिमांशु की इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी हो गई। हिमांशु खरीदारी करने के लिए सब्जी मंडी आया था।

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-122 स्थित श्रमिक कुंज में रहने वाले नितिन की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। नितिन के मुताबिक उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह सोकर उठा तो उसकी बाइक गायब थी।

थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 स्थित (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कंपनी में बेहोश होकर गिरा कर्मी, अस्पताल में मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना कासना क्षेत्र के साइट-5 की एक कंपनी में काम करने वाला व्यक्ति बेहोश होकर गिर गया। कंपनी कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूल रूप से ग्राम बारधर थाना कोतवाली देहात एटा निवासी सौरभ चौहान पुत्र रंजन ग्रेटर नोएडा के साइट-5 स्थित सनमाइका बनाने वाली कंपनी में काम करता था। काम करने के दौरान वह अचानक बेहोश होकर गिर गया। कर्मचारी उसे पास के ही अस्पताल ले गए जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे कैलाश अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सौरभ चौहान की मौत हो गई।

## नंदगोपाल गुप्ता नंदी आज नोएडा में

### व्यापारी सम्मान समारोह में करेंगे शिरकत

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का प्रादेशिक व्यापारी सम्मान समारोह कार्यक्रम आज सायं छह बजे वेडिंग विला सेक्टर-51 में होगा। जिसमें प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, सांसद डा. महेश शर्मा, सांसद मनोज तिवारी, भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के चेयरमैन व दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, राज्य महिला आयोग की चेयरमैन विमला बाथम, समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष दीपक विग, कांग्रेस पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अभिषेक जैन कार्यक्रम में रहेंगे।



अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी मनीष वर्मा, पुलिस कमिशनर श्रीमती लक्ष्मी सिंह व अपर आयुक्त वाणिज्यकर विभाग श्रीमति चाँदनी सिंह (शेष पृष्ठ-3 पर)

## चालू वित्त वर्ष में 5.5 लाख वर्ग मीटर जमीन बेचेगा प्राधिकरण

**नोएडा (चेतना मंच)।** चालू वित्तीय वर्ष में नोएडा प्राधिकरण 5.5. लाख वर्ग मीटर जमीन का आवंटन करेगा। इसके जरिए प्राधिकरण को 3750 करोड का राजस्व मिलेगा।

नोएडा प्राधिकरण के भूलेख विभाग के अधिकारियों ने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्राधिकरण संस्थागत उद्देश्यों के लिए 3.25 लाख वर्ग मीटर और औद्योगिक उपयोग के लिए एक लाख वर्ग मीटर आवंटित करने की योजना बना रहा है। इसके अतिरिक्त, आवासीय भूखंडों के लिए 67,500 वर्ग मीटर, वाणिज्यिक भूखंडों के लिए 35 हजार वर्ग मीटर और समूह आवास के लिए 13,800 वर्ग मीटर आवंटित करने की योजना है।

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

प्राधिकरण को समूह आवास और वाणिज्यिक भूमि श्रेणियों की बिक्री से 2 हजार करोड़ जुटाने की उम्मीद है। विशेष रूप से समूह आवास भूमि बिक्री से 1,080 करोड़ और वाणिज्यिक भूमि बिक्री से 1,010 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। औद्योगिक भूमि आवंटन से 705 करोड़, आवासीय भूखंडों से 650 करोड़ और संस्थागत भूखंडों से 315 करोड़ का राजस्व अनुमानित है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकरण शहर में आवासीय भवनों के आवंटन से 35 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है।

पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राधिकरण कई श्रेणियों में अपने भूमि आवंटन लक्ष्यों को पूरा नहीं कर सका था। औद्योगिक भूखंडों के लिए 150,000 वर्ग मीटर के लक्ष्य के मुकाबले केवल 44,005.53 वर्ग मीटर का आवंटन किया गया। वाणिज्यिक श्रेणी में 300,000 वर्ग मीटर के लक्ष्य में से केवल 35,002.63 वर्ग मीटर का आवंटन हुआ। समूह आवास में 70 हजार वर्ग मीटर के लक्ष्य में से 26,136.55 वर्ग मीटर का आवंटन किया गया।

आवासीय भूखंडों के लिए 150,000 वर्ग मीटर के लक्ष्य के मुकाबले केवल 8,061.92 वर्ग मीटर का आवंटन हुआ। हालांकि, संस्थागत श्रेणी में प्राधिकरण ने 50,000 वर्ग मीटर के लक्ष्य के मुकाबले 51,297 वर्ग मीटर का आवंटन करके अपने लक्ष्य को पार कर लिया। इन कमियों के बावजूद नोएडा प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 3,370 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 2,763 करोड़ अर्जित किए।

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती
ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103


# विकसित देश

वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित देश' के रूप में देखना फिलहाल एक सुखद सपना है। किसी वर्ग के लिए यह संकल्प और महत्वाकांक्षा भी है। कोई स्वतंत्र देश 100 साल में ही 'विकसित' श्रेणी में आ जाए, यह बेहद दुर्लभ लक्ष्य है। लक्ष्य दुर्लभ ही हुआ करते हैं। यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी ने ही शुरू किया था और उसे निरंतर भी बनाए रखा। अब तो नीति आयोग के स्तर पर 'दृष्टिकोण पत्र' भी बना लिया गया है। उसमें दो लक्ष्य फिलहाल असाध्य लगते हैं। एक, देश की प्रति व्यक्ति आय 15 लाख रुपए सालाना तक पहुंचाना। दूसरा, 'गरीबी मुक्त गांव' बनाना। यानी जिस गांव में कोई गरीब न हो और गरीबी के हालात भी न हों। फिलहाल देश की प्रति व्यक्ति आय औसतन 2 लाख रुपए सालाना है। कुछ 1.75 लाख रुपए के करीब मानते हैं। यानी 7-8 गुना आमदनी बढ़ानी होगी। आकलन है कि 2047 तक देश की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर होनी चाहिए। फिलहाल भारत की जीडीपी करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर है। यानी 8-9 गुना जीडीपी बढ़ानी होगी। यह उस देश के संदर्भ में असंभव-सा लगता है, जिसके 80 करोड़ से अधिक लोगों को 'मुफ्त अन्न' बांटा जा रहा है। जहां अब भी 20-22 करोड़ लोग गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। यह संभव हो सकता है कि अंबानी, अडानी सरीखे उद्योगपतियों की आय के आधार पर जीडीपी का आकलन किया जाए। अधिकांश भारतीय गरीब हैं अथवा निम्न मध्यवर्गीय हैं। उनकी आमदनी 'कुबेरपतियों' की आय के किसी विशेष मद के मद्देनजर मान ली जाए। भारत की आर्थिक असमानता बेनकाब न हो और 5 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाए। दरअसल भारत का गांव आज भी जर्जर और बेहाल है। कुछ गांवों को चमका दिया जाता है, लेकिन उस 'चमकदार परत' के नीचे का यथार्थ क्या है, शायद नीति आयोग भी नहीं जानता। 'दृष्टिकोण पत्र' में उल्लेख किया गया है कि गरीबी मिटाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर 24 घंटे 7 दिन शुद्ध पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की उपलब्धता पर काम करें। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कौशल विकास के प्रशिक्षण देने सहित अन्य कदम उठाए जाएं। हमारी सलाह है कि प्रधानमंत्री, उनकी सरकार, सत्तारूढ़ी मुख्यमंत्री और नीति आयोग की अलग-अलग गंभीर समितियां बनाई जाएं। वे आम आदमी की तरह राजधानी दिल्ली के ही ग्रामीण और गरीब इलाकों के सर्वेक्षण कर लें। देश का यथार्थ सामने आ जाएगा कि 'विकसित' वाला दर्जा हासिल करना कितनी दूर है? बेशक पंजाब के 97 फीसदी से ज्यादा घरों तक पेयजल उपलब्ध है और इस संदर्भ में वह प्रथम स्थान पर है, लेकिन 33.5 फीसदी पेयजल की स्थिति के साथ बिहार सबसे नीचे है। 2022 में भारत में 61.5 फीसदी ग्रामीण आबादी को पाइप जल आपूर्ति के जरिए अपेक्षाकृत सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल मिल रहा था। आज कुछ स्थिति सुधरी होगी! नीति आयोग ने भी इसी गर्मियों में, राजधानी दिल्ली के विभिन्न इलाकों में, पानी के लिए तरसती, लड़ती और आक्रोशित आबादी को देखा होगा! देश के पिछड़े, अनधिकृत और गरीब इलाकों में सामान्य पानी की उपलब्धता की कल्पना की जा सकती है। देश के जीडीपी का कितना फीसदी हिस्सा भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च किया जा रहा है, नीति आयोग केवल बजट के आवंटनों को ही देख ले। 'दृष्टिकोण पत्र' में 'विकसित भारत' के सामाजिक संकेतकों का भी आकलन किया गया है। मसलन-2047 में भारतीयों की औसत आयु 84 साल होगी। अभी यह उम्र 71 साल है। कुल प्रजनन दर तब गिर कर 1.8 रहनी चाहिए, जो अभी 2.03 है। इसके मायने ये नहीं हैं कि देश की आबादी कम होगी। हमारी आबादी तब 165 करोड़ के करीब होगी। उसमें 112 करोड़ लोग कामकाजी आयु वर्ग के होंगे। इतनी आबादी को रोजगार और नौकरी मुहैया कराने के संसाधन कितने होंगे, क्या इस पक्ष पर विचार किया जा रहा है? जिस तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया, उससे सवाल उठते हैं कि केंद्र और राज्यों में सामंजस्य कैसे होगा, नीति क्रियान्वयन कैसे होगा व निवेश कैसे बढ़ेगा?

# विवेक और साहस से परिपूर्ण नया बजट

यकीनन वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा 23 जुलाई को पेश किए गए वर्ष 2024-25 के बजट की तस्वीर में दिखाई दे रहा है कि यह बजट विवेक और साहस से परिपूर्ण बजट है। यह बजट विकसित भारत के सपने को मजबूती देने वाला बजट है। अमृतकाल के इस ऐतिहासिक बजट में 7 प्रतिशत विकास दर का लक्ष्य रखते हुए विकसित भारत के लिए नौ प्राथमिकताओं को रेखांकित किया गया है। बजट के इन नवरंगों में कृषि उत्पादकता, रोजगार व कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास व सामाजिक न्याय, विनिर्माण विकास एवं सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा तथा अनुसंधान व नवाचार एवं अगली पीढ़ी के सुधार शामिल हैं। जहां वित्तमंत्री सीतारमण ने उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के लिए अभूतपूर्व आवंटन किए हैं तथा महंगाई नियंत्रण के उपाय सुनिश्चित किए हैं, वहीं राजस्व घाटा 1.8 फीसदी तथा राजकोषीय घाटा भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 फीसदी तक सीमित रखने में सुझबूझ व चतुराई दिखाई है। खास बात यह भी है कि नए बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक रखे गए हैं, जो कि जीडीपी का 3.4 फीसदी है। इस पूंजीगत व्यय से रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ेंगे। वस्तुतः यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज है। वर्ष 2024-25 का बजट प्रस्तुत करते हुए जहां वित्तमंत्री की एक मुठ्ठी आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सौगातों की झड़ी लगाते हुए दिखाई दी, वहीं उनकी दूसरी मुठ्ठी आर्थिक सुधारों और नए दौर की वैश्विक जरूरतों से संबंधी प्रावधानों के लिए खुलते हुए दिखाई दी।

इसमें कोई दोमत नहीं है कि वित्तमंत्री ने नए बजट को बहुआयामी गरीबी में कमी, महिलाओं और युवाओं के विकास, रोजगार वृद्धि, कृषि और किसान हितों, बुनियादी ढांचे की मजबूती, उद्योग-कारोबार की गतिशीलता, रोजगार के नए अवसर, महंगाई पर नियंत्रण, नई मांग का निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल शिक्षा, ग्रीन एनर्जी पर खर्च बढ़ाने के बेहतर प्रावधानों से सजाया है। निश्चित रूप से वित्तमंत्री ने आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए हैं। नए बजट में 22 जुलाई को पेश आर्थिक समीक्षा के तहत बताई गई हर साल 80 लाख नौकरियों की दरकार के मद्देनजर निजी क्षेत्र और गैर कृषि क्षेत्र के तहत नई नौकरियों और कौशल विकास की व्यवस्था सुनिश्चित की है। ऐसी नौकरियों के लिए उत्पादन प्रोत्साहन संबद्ध (पीएलआई), मित्र टैक्सटाइल योजना, मुद्रा योजना, केयर इकोनॉमी क्षेत्रों की पहचान की गई है। वित्तमंत्री ने 5 सालों में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल व अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज की व्यवस्था सुनिश्चित की है। एक करोड़ युवाओं को 500 बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रत्येक छात्र को 5000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा। मुद्रा योजना के तहत रोजगार के लिए ऋण की सीमा दोगुनी कर 20 लाख रुपए तक बढ़ाई गई है। एक लाख ऐसे छात्रों को उनके अध्ययन के लिए 10 लाख रुपए तक का ऋण दिया जा सकेगा, जो अन्य कोई शासकीय सहायता का लाभ नहीं ले रहे हैं। निश्चित रूप से वित्तमंत्री सीतारमण ने वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के लिए अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए हैं।




**निश्चित रूप से वित्तमंत्री सीतारमण ने 7 फीसदी से अधिक विकास दर का लक्ष्य रखते हुए तथा राजकोषीय घाटे को जीडीपी के करीब 4.9 फीसदी तक सीमित रखते हुए अर्थव्यवस्था को गतिशील करने, रोजगार अवसरों को बढ़ाने तथा विभिन्न वर्गों को राहत देने के लिए आर्थिक प्रोत्साहनों से सजा-धजा वर्ष 2024-25 का अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत किया है। हम उम्मीद करें कि वर्ष 2024-25 के बजट के विभिन्न प्रावधानों के कारगर क्रियान्वयन से भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।**

वित्तमंत्री ने इस बजट के माध्यम से कृषि सेक्टर के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए और ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपए सुनिश्चित किए हैं। नए बजट के तहत सरकार कृषि और ग्रामीण विकास पर प्रभावी खर्च बढ़ाते हुए दिखाई दी है। कृषि की विकास दर बढ़ाने, कृषि क्षेत्र की योजनाओं को तर्कसंगत बनाने और कृषि सुधारों को व्यापक प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं। कृषि के बुनियादी ढांचे और कृषि के मशीनीकरण की दिशा में संरचनात्मक सुधार लाने के प्रभावी कदम भी नए बजट में हैं।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत देश के 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को दिए जाने वाले निशुल्क अनाज के मद्देनजर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। नए बजट में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को जिला और राज्य कृषि योजनाओं के विकास हेतु आवंटन बढ़ा है। पांच राज्यों में जनसमर्थन आधारित क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे। कृषि शोध पर आवंटन बढ़ाया गया है। नए बजट के तहत प्राकृतिक खेती पर भारी प्रोत्साहन सुनिश्चित किए गए हैं और आगामी दो वर्षों में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मौसम की मार के कारण खराब होने वाली फसलों के लिए समर्थन राशि बढ़ाई जाने से कृषि को नया प्रोत्साहन मिलेगा। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, सरकार ने उनकी भी सहायता बढ़ाई है। निस्संदेह नए बजट के तहत एक लाख करोड़ रुपए के शोध कोष से निजी क्षेत्र में अनुसंधान व नवाचार को व्यापक बढ़ावा मिलेगा। वर्ष 2024-25 के बजट से निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि, बाजारों में उपभोक्ता मांग में तेजी, विनिर्माण और सर्विस क्षेत्र में बड़ा सुधार दिखाई देगा। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी गई है। एमएसएमई इकाइयों को क्रेडिट गारंटी योजना के तहत टर्म लोन देने के लिए 100 करोड़ रुपए तक का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने जहां आयकर की पुरानी रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया है, वहीं नई रिजीम के तहत करदाताओं को राहतों से लाभान्वित किया है। नई कर व्यवस्था में 3 लाख रुपए तक की कमाई कर मुक्त है। 3 से 7 लाख पर 5 फीसदी, 7 से 10 लाख पर 10 फीसदी, 10 से 12 लाख पर 15 फीसदी, 12 से 15 लाख पर 20 फीसदी, 15 लाख से अधिक पर 30 फीसदी टैक्स का प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। खासतौर से वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) सीमा को 50000 रुपए से बढ़ाकर 75 हजार रुपए किया गया है। इससे करीब 4 करोड़ वेतनभोगियों व पेंशनभोगियों को लाभ होगा। निश्चित रूप से वित्तमंत्री सीतारमण ने 7 फीसदी से अधिक विकास दर का लक्ष्य रखते हुए तथा राजकोषीय घाटे को जीडीपी के करीब 4.9 फीसदी तक सीमित रखते हुए अर्थव्यवस्था को गतिशील करने, रोजगार अवसरों को बढ़ाने तथा विभिन्न वर्गों को राहत देने के लिए आर्थिक प्रोत्साहनों से सजा-धजा वर्ष 2024-25 का अभूतपूर्व बजट प्रस्तुत किया है। हम उम्मीद करें कि वर्ष 2024-25 के बजट के विभिन्न प्रावधानों के कारगर क्रियान्वयन से भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर भी आगे बढ़ा जा सकेगा। अब सरकार को क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# कोचिंग सेंटर में हुई छात्रों की मौत का जिम्मेदार कौन?

राजेंद्र नगर के कोचिंग सैंटर में मृतक छात्रों की पहचान तानिया सोनी, श्रेया यादव (दोनों की उम्र 25 वर्ष) और नवीन डेल्विन (28) के रूप में की गई है। तानिया तेलंगाना और श्रेया उत्तर प्रदेश की थीं, जबकि नवीन केरल के निवासी थे। वे सभी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। शनिवार को कई छात्र कोचिंग सेंटर की बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में थे कि अचानक सैलाब सा आया और उसमें तीन छात्रों की तड़पकर मौत हो गई।बताया जाता है कि बेसमेंट की परमीशन स्टोर के लिए थी,लाइब्रेरी के लिए नही।फिर भी लाइब्रेरी चल रही थी। दिल्ली पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि पानी बेसमेंट तक कैसे पहुंचा, जिसका इस्तेमाल कोचिंग संस्थान लाइब्रेरी के तौर पर कर रहा था। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बेसमेंट, जो जमीन से लगभग आठ फीट नीचे है, में एक लाइब्रेरी थी, जहां शनिवार शाम को कई छात्र मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक, भारी बारिश के बाद कोचिंग सेंटर का गेट बंद कर दिया गया । पानी को बिल्डिंग में प्रवेश करने से रोकने के लिए कोचिंग सेंटर के प्रवेश द्वार पर एक स्टील शेड लगाया गया है।पुलिस और अग्निशमन विभाग जांच कर रहे हैं कि बेसमेंट में पानी कैसे भरा ।दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय ने शहर के उन सभी कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया जो इमारतों के बेसमेंट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कोचिंग सेंटर भवन निर्माण उपनियमों का उल्लंघन हैं और मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। बताया जाता है कि नगर निगम की मिलीभगत से राजेंद्र नगर में 95 प्रतिशत कोचिंग बेसमेंट में चल रहे हैं।

लगभग एक साल पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने मुखर्जी नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में 15 जून 2023 गुरुवार को लगी आग की घटना का शुक्रवार को खुद से संज्ञान लियाल्ल। कोर्ट ने दिल्ली सरकार, दिल्ली फायर सर्विस डिपार्टमेंट, दिल्ली पुलिस और एमसीडी को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। कोर्ट ने फायर सर्विस डिपार्टमेंट को निर्देश दिया कि वो ऐसे सभी संस्थानों में आग से बचाव के इंतजामों (फायर सेफ्टी ऑडिट) और उनके फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट की जांच करे। ये आदेश दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 जून 2023 को दिए। जांच ये भी होनी चाहिए कि कोर्ट के आदेश पर हुई जांच में क्या हुआ? कहीं सब खानापूरी होकर ही तो नही रह गई? यदि उस समय सही से जांच हो जाती। गलत रूप से चल रहे केंद्र बंद हो जाते तो निश्चित रूप से ये हादसा नही होता।ये हादसा इस बात को चिल्ला- चिल्लाकर बता रहा है कि ये जांच सही नही हुई।

घटना होती है। जांच के आदेश होते हैं।ये ही आदेश जांच अधिकारियों को लूट का अधिकार दे देते हैं।इस आदेश के बाद जांच अधिकारी जाएंगे, कोचिंग सैंटर में कमी निकालेंगे।नोटिस देंगे। अपना सुविधा शुल्क वसूलेंगे और कुछ दिनों बाद सब फाइलों में दबकर रह जाएगा। कुछ समय बाद फिर हादसा होगा, फिर जांच होंगी।फिर अधिकारियों को आपदा में अवसर मिलेंगे।फिर खेल होगा। सब ऐसे ही चलता रहेगा, जैसे चल रहा है। इस भ्रष्ट हो चुकी सरकारी मशीनरी के सुधरने की उम्मीद नहीं लगती। कठोर अनुशासन लागू किये बिना ये सुधरने वाली नहीं।जरूरत सरकारी तंत्र को सुधारने की है।

दरअस्ल मुकर्जी नगर हिंदी भाषी छात्रों और राजेंद्र नगर अंग्रेजी भाषी छात्रों का सिविल सेवा की तैयारी करने के बड़े केंद्र बन गया है। यहां कई कोचिंग संस्थानों का घर है।हर वर्ष सिविल सर्विसेज की परीक्षा में सबसे ज्यादा अभ्यर्थी भी यहीं से चयनित होते हैं।

एक जानकारी के अनुसार यूपीएससी की सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने के लिए मुखर्जी नगर व आसपास के क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष करीब एक लाख छात्र तैयारियों के लिए पहुंचते है। मुखर्जी नगर इलाका अपने आप में मिनी भारत है। यही हालत राजेंद्र नगर की भी है। यहां हर वर्ष प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, कर्नाटक, उड़ीसा, पूर्वोत्तर राज्यों से भी छात्र पहुंचते हैं।मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर में में यूपीएससी की सिविल सर्विसेज की तैयारी करने वाले महंगे से लेकर सस्ते कोचिंग भी मौजूद हैं। यही वजह है कि यहां पर आर्खिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले बच्चे भी अपनी तैयारी आसानी से कर लेते हैं।

मुखर्जी नगर और राजेंद्र नगर क रिहायशी इमारतों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने का गढ़ बन चुका हैल्ल। बीते एक दशक में यहां कोचिंग सेंटरों की बाढ़ आ गई है। ज्यादातर घरों में या तो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं या फिर लाइब्रेरी या पीजी बनाकर संपत्ति मालिक चांदी काट रहे हैं लेकिन नगर निगम को शुल्क देने में अब भी कतराते हैं। इन संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग हो रहा है। ज्यादातर इमारतों को कोचिंग संस्थान में बदलने के लिए भवन उपनियमों का उल्लंघन किया गया है। तय मानकों को नजरअंदाज कर कमरों को हाल में तब्दील कर दिया गया है। इसके चलते कई इमारतें ढांचागत रूप से कमजोर भी हो गई हैं।

यूपीएससी, एसएससी आदि की तैयारी करने वाले छात्र कोचिंग संस्थान संचालकों की मनमानी के खिलाफ आवाज नहीं उठा पाते । इन्हें क्लास में भेड़-बकरियों की तरह ठूस कर पढ़ाया जाता है। 25 मई 2019 को गुजरात के सूरत के एक कोचिंग में आग लगने से 22 छात्र की मौत के बाद गुजरात सरकार ने अग्नि सुरक्षा निरीक्षण किए जाने तक गुजराज सरकार ने राज्य के सभी निजी कोचिंग केंद्रों को बंद करने का आदेश दिया। सरकार ने स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, शॉपिंग मॉल और अन्य व्यावसायिक भवनों के अग्नि सुरक्षा निरीक्षण का भी आदेश दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने दिल्ली के सभी कोचिंग सेंटरों का अग्नि सुरक्षा निरीक्षण करने का निर्णय लिया था। उस समय भी आदेश हुए थे।जांच हुई। नियमों के विपरीत चलने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई पूरी कर दी गई। लोगों से संबधित अधिकारियों का प्रसन्न कर दिया। काम पहले ही तरह ही चलता रहा।इसमें भी ऐसा ही होता लगता है।दरअस्ल इस तरह की बड़ी घटनाएं संबधित अधिकारियों की आय का माध्यम बनते हैं।देखने में आया है कि विभाग के अधिकारी निरीक्षण कर कमी बता देते हैं। नोटिस भेज देतें हैं।प्राय इन्होंने ही अग्निशमन सुरक्षा के उपकरण लगाने वालों से मेल-जोल कर रखा है। ये उपकरण लगाने वाले विभागीय अधिकारियों के चहेते होते हैं तो काम मानक के अनुरूप नही करते। पूरा पैसा लेकर भी काम पूरा नही करते।सब पहले की तरह ही चलता रहता है। ऐसे में हादसे होने पर जब तक व्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई नही होती , तब तक कुछ सुधरने वाला नही है। जांच करानी चाहिए कि इसमें किस- किस विभाग के अधिकारी की गलती रही है। किसने जिम्मेदारी नही निभाई।जिम्मदारी तै होने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई भी होनी चाहिए,उनपर गैर इरादतन हत्या के मुकदमें दर्ज होने चाहिएं,भले ही वह रिटायर हो गए हों। यह भी तै होना चाहिए कि 2019 की सूरत की घटना के बाद हुई जांच में क्या हुआ था।इसके बिना कुछ होने वाला नही है।इस प्रकरण में तो नगर निगम् की लापरवाही सीधे- सीधे नजर आती है। बिना अनुमति बेसमेंट में चलते कोंचिग पर रोक लगाना उसकी जिम्मेदारी है।दूसरी नालों की सफाई उसीका कार्य है। दोनो में लापरवाही हुई है।

**अशोक मधुप**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि सब लोग मुझे श्री रामजी का सेवक कहते हैं और मैं भी ( बिना लज्जा-संकोच के ) कहलाता हूँ ( कहने वालों का विरोध नहीं करता ), कृपालु श्री रामजी इस निन्दा को सहते हैं कि श्री सीतानाथजी, जैसे स्वामी का तुलसीदास सा सेवक है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**अति बडि मोरि ढिठाई खोरी। सुनि अघ नरकहुँ नाक सकोरी॥**
**समुझि सहम मोहि अपडर अपनें। सो सुधि राम कीन्हि नहिं सपनें॥**

यह मेरी बहुत बड़ी ढिठाई और दोष है, मेरे पाप को सुनकर नरक ने भी नाक सिकोड़ ली है (अर्थात नरक में भी मेरे लिए ठौर नहीं है)। यह समझकर मुझे अपने ही कल्पित डर से डर हो रहा है, किन्तु भगवान श्री रामचन्द्रजी ने तो स्वप्न में भी इस पर (मेरी इस ढिठाई और दोष पर) ध्यान नहीं दिया॥

**सुनि अवलोकि सुचित चख चाही। भगति मोरि मति स्वामि सराही॥**
**कहत नसाइ होइ हियँ नीकी। रीझत राम जानि जन जी की॥**

वरन मेरे प्रभु श्री रामचन्द्रजी ने तो इस बात को सुनकर, देखकर और अपने सुचित्त रूपी चक्षु से निरीक्षण कर मेरी भक्ति और बुद्धि की (उलटे) सराहना की, क्योंकि कहने में चाहे बिगड़ जाए (अर्थात मैं चाहे अपने को भगवान का सेवक कहता-कहलाता रहूँ), परन्तु हृदय में अच्छापन होना चाहिए। (हृदय में तो अपने को उनका सेवक बनने योग्य नहीं मानकर पापी और दीन ही मानता हूँ, यह अच्छापन है।) श्री रामचन्द्रजी भी दास के हृदय की (अच्छी) स्थिति जानकर रीझ जाते हैं॥

**रहति न प्रभु चित चूक किए की। करत सुरति सय बार हिए की॥**
**जेहिं अघ बधेउ ब्याध जिमि बाली। फिरि सुकंठ सोइ कीन्हि कुचाली॥**

प्रभु के चित्त में अपने भक्तों की हुई भूल-चूक याद नहीं रहती (वे उसे भूल जाते हैं) और उनके हृदय (की अच्छाई-नेकी) को सौ-सौ बार याद करते रहते हैं। जिस पाप के कारण उन्होंने बालि को व्याध की तरह मारा था, वैसी ही कुचाल फिर सुग्रीव ने चली॥

(क्रमशः..)

# राशिफल

**श्रावण कृष्ण पक्ष : दशमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आप अपने बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव करेंगे जो आपके लिए समस्या लेकर आएगा। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या महसूस हो

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बड़ा लेनदेन करने से बचें। बिजनेस कर रहे लोग किसी बड़े निवेश को करने की योजना बना सकते हैं

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बिजनेस में भी उतार-चढ़ाव रहने के कारण आपका काम करने में मन थोड़ा कम लगेगा। आपको किसी कानूनी मामले में धक्के खाने पड़ेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य ठीक है। तो आप उसे नजरअंदाज ना करें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
माता-पिता से आप अपने मन की किसी इच्छा को लेकर बातचीत करेंगे। संतान को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
नौकरी, लेन-देन, परिवार के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आपके लिए निर्णय लेने की क्षमता का लाभ लेकर आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी षड्यंत्र का हिस्सा बनने से बचना होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यवसाय में आप किसी और प्रोडक्ट को भी शामिल कर सकते हैं। आप परिवार के सदस्यों को लेकर किसी पिकनिक पर जाने की योजना

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आप अपने जीवनसाथी की सेहत के प्रति सचेत रहें। संतान के करियर को लेकर यदि कोई समस्या चल रही थी।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
व्यवसाय में यदि आपका कुछ धन लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह आपको प्राप्त हो सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। जिसमें आपको जीत अवश्य हासिल होगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
परिवार में किसी बड़े काम के होने से परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। यदि कुछ सदस्यों में लंबे समय से मतभेद चल रहे हैं

# सूरजपुर की बदतर हालात पर सपा करेगी आंदोलन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर के महत्वपूर्ण गांव सूरजपुर की बदहाली को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक बैठक आयोजित की। इस दौरान गांव के मुख्य मार्ग पर भारी जलभराव, टूटे रोड, गंदगी के अम्बार जैसी विकराल समस्याओं पर चिंता व्यक्त की गई। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा का महत्वपूर्ण गांव होने के बावजूद भी सूरजपुर हर तरह से विकास में पिछड़ा हुआ है।

सूरजपुर में लगभग पचास हजार लोग रहते है। लेकिन ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार सूरजपुर की अनदेखी की जा रही है जिस कारण से सूरजपुर के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण को गांव की समस्या से बार-बार अवगत कराने के बावजूद भी हालात जस के तस है। ऐसे में समाजवादी पार्टी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन करने की तैयारी कर रही है और जल्दी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण द्वारा विकास के मामले में गावों के साथ सौतेला व्यवहार करने के लिए प्राधिकरण के कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी, लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्र प्रधान, यूनुस प्रधान, कपिल ननका सैफी, नवीन भाटी, संजय खान आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल हड़प लिया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जेवर में एक व्यक्ति ने अपने साथ काम करने वाले युवक के खिलाफ मोबाइल हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला मॉडल पुरिया कस्बा जेवर निवासी मन्नू ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह जेवर स्थित बालाजी टाटा मोटर्स एजेंसी पर काम करता है। उसके साथ पिछले पांच माह से रायबरेली निवासी राजपाल भी काम कर रहा था। राजपाल ने 13 जुलाई को उससे अपने परिजनों से बात करने के लिए मोबाइल लिया था। बात करते-करते राजपाल उसके मोबाइल को लेकर चला गया और वापस नहीं लौटा। उसने कई बार उसके नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रामीण विकास समिति ने चलाया पौधारोपण अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पर्यावरण की स्थिति को बेहतर व शुद्ध बनाए रखने के लिए ग्रामीण विकास समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी गोविंद सिंह, गंगेश्वर दत्त शर्मा, हरि लाल पाल गोपी, राजू, जमुना प्रसाद आदि के नेतृत्व में आज फिर सोरखा सेक्टर-115, नोएडा श्मशान घाट के पास व हिंडन नदी पुस्ता के साथ-साथ कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ग्रामीण विकास समिति के संयोजक गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी समिति ने वृक्षारोपण अभियान चला रखा है जिसके तहत आज भी दर्जनों पौधे लगाए गए और आगे भी हमारी समिति इस कार्य को जारी रखेगी। साथ इन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखना जरूरी है जिसके लिए प्रत्येक नागरिक को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का कार्य करना चाहिए।

# कांवड़ियों की सेवा से खुश होते हैं शिव : अजय प्रधान

**ग्रेटर नोएडा/हरिद्वार।** कांवड़ियों की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी अजय प्रधान (बिसरख) ने एक बातचीत के दौरान कहीं है बताते चले की इन दिनों सावन माह के महीने में शंकर भगवान के भक्त कांवड़ लेकर यात्रा पर चल रहे हैं और यह क्रम पूरे 1 महीने तक चलेगा। इसी क्रम में भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ हरिद्वार एवं ऋषिकेश जाकर कई दिन से कांवड़ ले जा रहे शिव भक्तों की सेवा में लगे हुए हैं। टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान भाजपा नेता अजय प्रधान ने कहा कि शिव आराधना एवं कांवड़ियों की सेवा से ही भगवान खुश होते हैं। इसलिए



हर व्यक्ति को चाहिए कि वह सावन माह के पवित्र महीने में कांवड़ियों की सेवा अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि जिसके पास जो हो उसी में संतुष्ट रहे और भगवान की आराधना के साथ-साथ कांवरियों की भी सेवा करना चाहिए कई दिनों से भाजपा नेता अजय प्रधान कांवड़ियों की सेवा में लगे हुए हैं।

# अवैध फ्लैटों में जगमगा रही है एनपीसीएल की बिजली

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एनपीसीएल एक ओर अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने की बात करती है। वही अवैध विद्युत कनेक्शन भी एनपीसीएल देने से पीछे नहीं रहती। इसका जीता जागता उदाहरण हल्दौनी गांव के पेट्रोल पंप के बगल बने सैकड़ों अवैध फ्लैटों में विद्युत कनेक्शन देने का सामने आया है। बताया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा अवैध घोषित इन फ्लैटों में एनपीसीएलके अधिकारियों ने आपस में सुविधा शुल्क की बंदर बांटकर अवैध कनेक्शन दे दिया।

मामला प्राधिकरण के संज्ञान में आने के बाद जब एनपीसीएलके अधिकारियों को विद्युत कनेक्शन काटने के लिए पत्र लिखा गया तो उसमें भी एनपीसीएलके अफसरों ने लीपा पोती कर दिया है। बताया जाता है कि हल्दौनी गांव के बगल में स्थित पेट्रोल पंप के पास देवेश मलिक ने अधिसूचित क्षेत्र में सैकड़ो से अधिक संख्या में फ्लैट का निर्माण करवा डाला।

सूत्र बताते हैं कि इस पूरे खेल में वर्क सर्किल तीन में तैनात जेई की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। अब देखना यह है कि इन अवध फ्लैटों में जगमा रही है। बिजली कटेगी या नहीं, यह तो आने वाला समय बतायेगा।

NPCL
NOIDA POWER COMPANY LIMITED

## होगी कठोर कार्यवही : चौधरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वर्क सर्किल 3 के वरिष्ठ महाप्रबंधक नरोत्तम चौधरी ने कहा कि हल्दौनी में बने अवैध फ्लैटों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भू-मफियाओं को बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी जांच हो रही है। जांच के बाद कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इसमें जो भी संलिप्त है। उनको भी बक्शा नहीं जाएगा। एक बातचीत के दौरान वरिष्ठ प्रबंधन ने कहा कि ऐसे लोगों की सूची बनाई जा रही है जो अवैध कब्जा करने एवं करवाने में संलिप्त हैं।

# एनटीपीसी से प्रभावित किसानों की जायज मांगें पूरी करेंगे : डीएम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय किसान परिषद के पदाधिकारियों की एक बैठक प्रशासनिक व एनटीपीसी अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। बैठक में परिषद के सदस्यों ने किसानों से संबंधित कई मुद्दे उठाए। जिलाधिकारी ने किसानों की जायज मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।



गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता मे हुई बैठक में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने किसानों की समस्याओं को विस्तार से अधिकारियों के समक्ष उठाकर उनके निराकरण की मांग की। उन्होंने एनटीपीसी के किसानों को समान मुआवजा, समान नौकरी, ग्राम विकास, चिकित्सा, खेल कूद के मैदान उपलब्ध कराने तथा किसानों की हाई पावर कमेटी से वार्ता कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की हाई पावर कमेटी की वार्ता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर जल्द ही वार्ता कराई जायेगी। बैठक में अनूप राघव ने संविदा रोजगार की बात रखी। इसके अलावा एनटीपीसी द्वारा प्रत्येक गांव में विकास कार्य कराने के लिए बजट की मांग की। संविदा के रोजगार पर जिलाधिकारी ने एनटीपीसी के अधिकारियों से शीघ्र ही क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार देने की बात कही।

# भगवान परशुराम की मूर्ति फिर खंडित, विरोध में निकाला जुलूस

**दादरी ( चेतना मंच )।** थाना जारचा क्षेत्र में एक बार फिर भगवान परशुराम की मूर्ति को खंडित करने के विरोध में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की अगवाई में एक जुलूस निकाला गया जो जारचा रोड नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा के कार्यालय से होकर जीटी रोड से होते हुए तहसील में पहुंचे और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

विदित है कि ग्राम गुलावठी में पहले भी भगवान परशुराम की मूर्ति खंडित कर दी गई थी। ब्राह्मण समाज द्वारा दबाव बनाने के बाद प्रशासन ने मूर्ति लगवाई थी, लेकिन एक बार फिर मूर्ति खंडित कर दी गई। पूरे ब्राह्मण





समाज में गुस्सा है सभी ने जुलूस निकालने से पहले मीटिंग में तय हुआ कि यदि प्रशासन शनिवार तक कोई कार्रवाई नहीं करता है तो रविवार को बड़ी महापंचायत की जाएगी जिसमें हजारों की संख्या में आसपास के जिलों के और सभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

सभा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा द्वारा किया गया। उनके साथ प्रदेश महासचिव परमानंद शर्मा प्रदेश सचिव डॉक्टर वंदना वशिष्ठ, जिला अध्यक्ष उमेश पंडित, मंडल अध्यक्ष राजू शर्मा, राजकुमार शर्मा, जिला महामंत्री मास्टर रामकुमार शर्मा, नगर महामंत्री रतन वीर शर्मा, नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा, अनिल शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, यूथ के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल सचिव केके शर्मा उर्फ किशन कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य रामदत्त शर्मा, गुलावठी के पंडित जतन शर्मा, नितिन शर्मा, प्रधान भीष्म शर्मा, दादरी के रूप किशोर शर्मा, दीनदयाल शर्मा, अतुल शर्मा, विजेंद्र शर्मा, एडवोकेट रामवीर शर्मा, संदीप शर्मा, गुलावठी के वेदराम शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, पवन शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, संजय शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरण चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-68 स्थित गढ़ी चौखंडी गांव में लगे मोबाइल टॉवर से चोरों ने आरआरयू व कीमती उपकरण चोरी कर लिए।

एसजी एनकौन कंपनी के क्यूआरटी हेड सुशांत त्यागी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 2 जुलाई की रात्रि को चोरों ने गढ़ी चौखंडी गांव में लगे मोबाइल टॉवर से आरआरयू व अन्य कीमत उपकरण चोरी कर लिए। टॉवर से सिगनल स्ट्रैंथ कम होने पर चोरी की जानकारी हुई। जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना फेस-3 में शिकायत दी गई।

# सब्जी मार्केट में जेब से निकाला मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में चोरों ने अलग-अलग स्थान से दो लोगों के मोबाइल फोन चोरी कर लिए। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। थाना सेक्टर-39 में दर्ज कराई रिपोर्ट में गौरव पाल ने बताया कि वह सेक्टर -67 में जॉब करता है। 8 जुलाई को वह सेक्टर-37 मार्केट में सब्जी खरीदने के लिए गया था। सब्जी मार्केट में भीड़ अधिक थी। इस दौरान किसी व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। उसने अपने मोबाइल फोन की काफी तलाक की लेकिन कोई पता नहीं चला। कॉल करने पर वह स्विच ऑफ मिला।

वहीं थाना फेस-2 में राकेश भाटी ने अपना मोबाइल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश भाटी के मुताबिक 7 जुलाई की शाम को वह किसी काम से बाहर गया था कुछ समय बाद जब वापस लौटा तो कमरे में रखा उसका मोबाइल फोन गायब था। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**भूस्खलन से...**

भूस्खलन के बाद कम से कम चार लोग मारे गए हैं और कई के फंसे होने की आशंका है। एक्स के एक पोस्ट में, प्रधान मंत्री ने कहा कि वे वायनाड और आसपास के इलाकों में हुए भूस्खलन से व्यथित हैं।

**वायनाड में...**

है कि बचाव अभियान जारी है। मैंने उनसे सभी एजेंसियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने, एक नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और राहत प्रयासों के लिए आवश्यक किसी भी सहायता के बारे में हमें सूचित करने का अनुरोध किया है। मैं केंद्रीय मंत्रियों से बात करूंगा और उनसे वायनाड को हर संभव सहायता प्रदान करने का अनुरोध करूंगा। मैं सभी यूडीएफ कार्यकर्ताओं से बचाव और राहत कार्यों में प्रशासन की सहायता करने का आग्रह करता हूं।

**नंदगोपाल गुप्ता...**

शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के दस वशिष्ठ दान दाताओं व समाजसेवी को भामाशाह पुरस्कार 2024 दिया जाएगा तथा उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की नई कार्यसमिति का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी होगा।

**मजदूर को...**

हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। परीक्षण के उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से जानकारी मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

**कार की टक्कर से...**

थाना जारचा क्षेत्र के वीरपुरा झाल के पास ब्रेजा कार चालक ने बाइक पर जा रहे दो युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में अजीत राणा पुत्र संजीव कुमार व उसका दोस्त सुमित पुत्र सोमवीर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इन्हें उपचार के लिए नवीन अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान अजीत की मौत हो गई। जबकि सुमित की हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में मृतक के भाई राजू चौहान ने थाना जारचा में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना जारचा में ग्राम लालपुर जनपद हापुड़ निवासी अनीश ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि वह 18 फरवरी को अपनी बाइक से घर आ रहा था। रसूलपुर तिराहे पर तेज गति में आ रहे ट्रक चालक ने उसके टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी आदत को देखते हुए एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसका बांया हाथ, कोहनी से ऊपर तक काट दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और नंबर के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

निठारी गांव में रहने वाले सतीश कुमार साहनी ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसके पिता राजकुमार पेंटर का काम करते हैं। 17 जुलाई की शाम को वह अपना काम खत्म कर वापस घर आ रहे थे। सेक्टर-26 के हनुमान मंदिर के पास तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उनके पिता राजकुमार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उनके पिता गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। गंभीर स्थिति में राजकुमार को अस्पताल पहुंचाया गया जहां जांच में पता चला कि उनके दोनों पैर, कमर की पसली व हाथ की हड्डी टूट गई है। उसने जब बाइक का नंबर लेकर उसके मोबाइल पर बात की तो बाइक सवार जितेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वह उसके पिता का इलाज करा देगा। उन्होंने जब दोबारा फोन किया तो उसने इलाज का खर्चा देने तथा दोबारा कॉल करने से मना कर दिया।

**प्राइवेट कॉलेज के...**

संस्थान में नौकरी के दौरान डॉक्टर मनोज मलिक ने दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर में गोपनीय तरीके से जॉब के लिए अप्लाई किया यहां उनका चयन हो गया। दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय में चयन होने के उपरांत डॉक्टर मनोज मलिक ने अपना अनुभव प्रमाण पत्र दाखिल किया। अनुभव प्रमाण पत्र की जानकारी संस्थान को तब हुई जब दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर से अनुभव प्रमाण पत्र को सत्यापन के लिए उनके संस्थान में भेजा गया। अनुभव प्रमाण पत्र को देखकर वह तथा कॉलेज का स्टाफ अचंभित रह गए क्योंकि संस्थान के सचिव एसके जिंदल ने ऐसा कोई भी अनुभव प्रमाण पत्र अपने हस्ताक्षर से जारी करने से इनकार कर दिया।

कुलसचिव डॉक्टर अमित मोदी के मुताबिक डॉ मनोज मलिक ने अनुभव प्रमाण पत्र में गलत विवरण भरकर संस्थान के सचिव एसके जिंदल के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर अनुभव प्रमाण पत्र तैयार किया और उसका गलत प्रयोग कर संस्थान के साथ धोखाधड़ी की। उन्होंने बताया कि इस बारे में आरोपी के खिलाफ फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में पुलिस से शिकायत की गई लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत के बाद मामले को दर्ज कर लिया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है पुलिस मामले की अस्पताल कर रही है।

**उत्तर प्रदेश में महिलाएं ...**

अगर 2016 से तुलना की जाए तो प्रदेश में यौन उत्पीड़न के मामलों में साढ़े 17 प्रतिशत की कमी आई है। दुष्कर्म के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी विधान परिषद में सपा विधायक द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है। यही कारण है कि सरकार ने सत्ता में आते ही एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया था और सबसे पहले इसका विरोध सपा ने ही किया था। उन्होंने कहा कि महिला और बाल अपराध निस्तारण में प्रदेश पहले नंबर पर है। प्रदेश के अंदर एक महिला थाना हर जनपद में स्थापित करने के साथ-साथ एक अतिरिक्त थाने की जिम्मेदारी भी महिला थानाध्यक्ष को उपलब्ध कराया है। 2020 से हमारी सरकार प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान को आगे बढ़ा रही है। मिशन शक्ति के अंतर्गत पिछले 7 वर्षों में हम लोगों ने करीब डेढ़ लाख पुलिस कर्मी की भर्ती की है। 2017 से पहले कुल 10,000 महिला पुलिस भर्ती हुई थी। 2017 से 2023 तक जो भर्तियां हुई हैं उसमें 20,000 महिला पुलिस की भर्ती हुई है। यानि आजादी के 70 वर्षों में जितनी भर्ती हुई उससे दोगुनी भर्ती पिछले 5 वर्षों में हुई है। ये सरकार महिला के सुरक्षा के प्रति गंभीर है।

**चाचा को फिर...**

चयन के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। वो अलग विषय है कि आपने चाचा को गच्चा दे ही दिया। चाचा बेचारा हमेशा ही ऐसे ही बार मार खा जाता है। उनकी नियति ही ऐसी है क्योंकि भतीजा हमेशा भयभीत रहता है, लेकिन आप सदन के वरिष्ठ सदस्य हैं। आपका मैं सम्मान करता हूं।

**लाखों रुपये के...**

आइथम टॉवर में काम करने वाले करेड़ा गाजियाबाद निवासी अनुज चौहान की बाइक चोरी हो गई। अनुज चौहान ने टॉवर की पार्किंग में अपनी बाइक खड़ी की थी।

वहीं थाना सेक्टर-49 में अनिकेत त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करता है। 19 फरवरी की रात को वह सेक्टर-73 में एक ऑर्डर देने आया था। ऑर्डर डिलीवर कर जब वह अपनी स्कूटी के पास आया तो उसकी बैटरी गायब मिली। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

**केजरीवाल पर उत्पीड़न...**

के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक ऐसी साजिश के तहत जेल में रखे हुए है। उनका स्वास्थ्य खराब होने के बाद भी कोई सुविधा नहीं मिल रही है। जमानत होने के बाद भी ईडी के जरिए फर्जी मामले बनाकर उनको जेल से बाहर नहीं आने दिया जा रहा है। सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करके केन्द्र सरकार तथा एलजी श्री केजरीवाल तथा अन्य नेताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की है कि वे मामले में हस्तक्षेप करके केजरीवाल पर हो रहे उत्पीड़न पर रोक लगाएं।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला प्रभारी सीएम चौहान तथा जिलाध्यक्ष राकेश अवाना के अलावा दिलदार अंसारी, कैलाश शर्मा, डा. बीपी सिंह, प्रशांत रावत एडवोकेट, नरेश प्रजापति, नितिन प्रजापति, मनोज यादव, जयकिशन जयसवाल, नवीन भाटी, जीतू भाटी, विक्की भाटी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, दादरी के गृहकर पंजिका में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 147 के अन्तर्गत नाम परिवर्तन करने के अधिकार के अन्तर्गत आवासीय भवन सं0-449, वार्ड सं0-10 शिव वाटिका, दादरी कस्वा दादरी, परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर जो अब तक श्री जवाहर लाल शर्मा पुत्र श्री राम सिंह शर्मा निवासी-शिव वाटिका कालोनी, दादरी परगना व तहसील दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद, दादरी के सम्पत्ति कर अभिलेखों में अंकित है। उक्त भवन को श्री पवन कुमार पुत्र श्री जवाहर लाल शर्मा निवासी-शिव वाटिका कालोनी, दादरी परगना व तहसील दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर द्वारा एक प्रार्थना दिनांक 12.06.2024, शपथ पत्र, दान-पत्र की छायाप्रति, रजिस्ट्री की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है, जिसके आधार पर इन्होने आवासीय भवन सं0-449, वार्ड सं0-10 शिव वाटिका, दादरी कस्बा दादरी, परगना व तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर को अपने नाम परिवर्तित किये जाने हेतु अनुरोध किया है। उक्त सम्पत्ति को श्री पवन कुमार पुत्र श्री जवाहर लाल शर्मा निवासी-शिव वाटिका कालोनी, दादरी परगना व तहसील दादरी जनपद-गौतमबुद्धनगर के नाम नगर पालिका परिषद दादरी के गृहकर पंजिका में दर्ज की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दे, समयावधि पूर्ण होने पर नामातरण की कार्यवाही निर्विवाद मानते हुये कर दी जायेगीं।

**अधिशासी अधिकारी - नगर पालिका परिषद**
**दादरी, जनपद - गौतमबुद्ध नगर**

**Name Change**

I, Gita Joshi W/o Mahendra Kumar Joshi R/o Flat No. 0006, Pavilion Heights- 3, JP Wish Town, Sec 128, Noida-201304, Dist. G.B. Nagar, (U.P.) have changed my name from Geeta Joshi to Gita Joshi for all future purposes.

# अश्लील फोटो खींच कर की छेड़खानी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** युवती से जान पहचान का फायदा उठाकर युवक ने मोबाइल से उसकी अश्लील फोटो खींच ली। अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी देकर युवक आए दिन युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। युवक की हरकत से परेशान होकर युवती ने तमाम बातें अपने परिजनों को बताई। युवती के पिता ने थाना ईकोटेक-3 में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

डेरिन गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी पूजा (काल्पनिक नाम) की बातचीत अक्सर हरदोई निवासी प्रियांशु पुत्र सत्येंद्र कुमार के साथ होती थी। एक दिन प्रियांशु उनकी गैर मौजूदगी में उनके कमरे पर आ गया और उनकी बेटी की अश्लील तस्वीरें खींच ली। तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर आरोपी ने उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ व गलत हरकत की। पूजा के विरोध करने पर प्रियांशु उस समय घर से चला गया लेकिन वह आए दिन उसे फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। प्रियांशु आए दिन उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करता है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## हजारीबाग के ट्रक मालिकों ने आम्रपाली के ट्रकों को रोका, टंडवा के वाहन मालिकों में आक्रोश



टंडवा- आम्रपाली मगध ट्रक मालिकों ने हजारीबाग ट्रक आंनर एसोसिएशन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि मगध आम्रपाली कोल परियोजना से कोयला की ढुलाई में कार्य रहे ट्रकों को हजारीबाग ट्रक एसोसिएशन द्वारा बाजबरण रोक दिया गया है ।जहां प्रभावित ट्रक मालिक संघ के अध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि मगध आम्रपाली कोल परियोजना के लगभग पांच सौ ट्रकों को कटकमदाग कुद के पास पिछले 24 घंटे से हजारीबाग ट्रक आंनर एसोसिएशन ने रोक दिया है ।उन्होंने बताया कि हजारीबाग एसोसिएशन से बात करने पर कोई रिस्पांस नहीं ले रहा है ।वहीं ट्रक मालिक ने कहा कि ट्रकों को रोक देने से डीएमओ व फोरैस्ट पेपर फेल होने का डर सता रहा है ।उन्होंने कहा कि हजारीबाग प्रशासन से बात करने पर मेरे थाना पर नहीं पड़ता है यह कहकर टाल मटोल कर रहे है ।वहीं ट्रकों को रोक देने से ड्राइवर व खलासी खाना व पानी के लिए तरस रहे हैं ।

## पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन से कोयलांचल में शोक की लहर : उदय प्रताप सिंह

धनबाद । समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने पूर्व मंत्री सह जनता मजदूर संघ (बच्चा गुट )के महामंत्री बच्चा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समस्त कोयलांचल में उनके निधन से शोक की लहर व्याप्त है। बता दे की लगभग 75 वर्ष उनकी आयु थी ।पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे ।बिनोद



बिहारी चौक स्थित एसजेएएस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। करीब 12 बजकर 20 मिनट पर उनका निधन हो गया। पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। अस्पताल से उनके पार्थिव शरीर को सरायढेला स्थित उनके आवास लाया जा रहा है जहाँ से उनकी अंतिम यात्रा निकली जाएगी ।बच्चा बाबू के निधन की खबर मिलते ही उनके घर से लेकर अस्पताल तक शुभ चिंतको का ताँता लगा रहा.बच्चा सिंह,मजदूरों के मसीहा सूर्यदेव सिंह के भाई और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज के चाचा ससुर थे ।बच्चा सिंह झरिया से दो बार विधायक रह चुके थे,वर्ष 2000 से 2004 तक नगर विकास मंत्री रह चुके थे ।बच्चा सिंह पांच भाइयों में तीसरे नंबर पर थे ।पांच भाइयों में विक्रमा सिंह, सूर्यदेव सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह और रामाधीर सिंह हैं ।बच्चा बाबू के देहांत के बाद विक्रमा सिंह और रामाधीर सिंह ही जीवित हैं।

## बोकारो ओल्ड जेवेरियन एलुमनी ट्रस्ट ने राजकीय मध्य विद्यालय अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए दिया 15 पंखा व ट्यूबलाइट



बोकारो। बोकारो ओल्ड जेवेरियन एलुमनी ट्रस्ट की ओर राजकीय मध्य विद्यालय सेक्टर दो सी में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 15 पंखा व ट्यूबलाइट दिया गया।ट्रस्ट के व्यवस्थापक अरविंद चोपड़ा ने कहा कि इस विद्यालय से चोरों ने पंखा की चोरी कर ली थी। इसलिए गर्मी के दिनों में यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।स्कूल के कक्ष में ट्यूबलाइट भी नहीं थी। इसलिए विद्यालय प्रबंधन को पंखा व ट्यूबलाइट उपलब्ध कराया गया। ताकि विद्यार्थियों को गर्मी से राहत मिल सके।विद्यार्थी बेहतर माहौल में पढ़ाई कर सकें।कोषाध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों गर्मी से काफी परेशान थे। ट्यूबलाइट नहीं रहने से कक्ष में अंधेरा छा जाता था। अब बच्चों को परेशानी नहीं होगी। विद्यालय की प्रधानाध्यापक शौपी कुमारी ने कहा कि आए दिन विद्यालय से पंखे, खिड़की, मध्याह्न भोजन का चावल आदि की चोरी की जाती है।इस संबंध में स्थानीय थाना को लिखित सूचना दी जाती है।इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की जा सकी है। दो दिन पूर्व ट्रस्ट की ओर से विद्यालय परिसर में आम, कटहल, अमरुद आदि के पौधे लगाए गए थे।चोरों ने इन पौधे की भी चोरी कर ली। मौके पर ट्रस्टी के प्रबंधक महेश गुप्ता के अलावा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेत्री ने बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक से मिलकर समस्या के निदान हेतु सोपा पत्र

बोकारो। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को लेकर कांग्रेस नेत्री श्वेता सिंह ने बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) से मिलकर समस्या के निदान हेतु वार्ता की और तदर्थ उन्हें एक पत्र भी सौंपा।विदित हो कि झारखंड में इस वर्ष पड़ रही भीषण गर्मी एवं वर्षा के अभाव में भूमिगत जल का स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम वासियों को इस समस्या से राहत दिलाने हेतु सी एस आर मद से चापाकल लगवाने का पत्र के माध्यम से आग्रह किया गया है।अधिशासी निदेशक महोदय ने इस दिशा में सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है।



# राहुल गांधी पर राजनाथ का पलटवार, बोले- अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की हो रही कोशिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जहां गांधी ने दावा किया था कि युवाओं को अग्निवीर %चक्रव्यूह% में फंसा दिया गया है और सरकार ने अग्निवीरों के लिए पेंशन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। विपक्षी नेता के भाषण के बाद लोकसभा में एक बयान में रक्षा मंत्री ने गांधी के दावों पर आपत्ति जताई और कहा कि योजना के संबंध में देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सिंह ने विपक्षी नेता के अनुरोध पर सदन के समक्ष अग्निवीर पर एक विस्तृत बयान देने की इच्छा व्यक्त की।

राजनाथ ने इस दौरान साफ तोर पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। मेरा मानना है कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई हैं। सिंह ने कहा, ''देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। जब भी आपका (लोकसभा अध्यक्ष) आदेश होगा मैं अग्निवीरों को लेकर अपना बयान देने के लिए तैयार हूं।'' इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने पहले भी कहा था कि एक 'शहीद' अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''उनकी बात गलत थी। उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता।'' राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।



# बाहरियों को बेची गई अयोध्या की जमीन, सांसद अवधेश प्रसाद ने भूमि घोटाले की जांच की मांग की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने सोमवार को अयोध्या शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग की और दावा किया कि भाजपा ने क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया है। लोकसभा में बजट पर बहस में भाग लेते हुए, प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा अयोध्या के नाम पर राजनीति और व्यापार में लगी हुई है और इसलिए, शहर के लोगों ने भगवा पार्टी को खारिज कर दिया है। प्रसाद पिछले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे जिसके अंतर्गत अयोध्या आता है। उन्होंने दावा किया, बजट में अयोध्या और उत्तर प्रदेश का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा ने अयोध्या के नाम पर केवल राजनीति और व्यापार किया है। भाजपा ने अयोध्या के लोगों को चोट पहुंचाई है।



राम मंदिर के निर्माण के दौरान मंदिर शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग करते हुए, सपा नेता ने कहा कि संसद को कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक समिति का गठन करना चाहिए और रिपोर्ट सदन में पेश की जानी चाहिए। देश के लोगों को पता होना चाहिए कि कैसे अयोध्या के लोगों को धोखा दिया गया, कैसे अयोध्या को नष्ट किया गया और कैसे बुलडोजर का उपयोग करके इमारतों को नष्ट कर दिया गया। प्रसाद ने दावा किया कि भाजपा देश से 'सफाया' हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2027 में यूपी में और 2029 में पूरे देश में हार जाएगी। बहस में भाग लेते हुए, भाजपा नेता विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि एक गरीब का बेटा होने के नाते मोदी देश के गरीब लोगों का दर्द समझते हैं और इसलिए वे वंचित लोगों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे 10 वर्षों में देश के चार करोड़ युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी।

## पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर अमरेश सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त किया



धनबाद-भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह ने कहा की झारखंड सरकार के प्रथम नगर विकास मंत्री बच्चा सिंह के निधन का समाचार सुनकर अत्यंत दुख हुआ, भगवान उनकी आत्मा को शांति दे तथा इस दुख के घड़ी में उनके परिवार को कष्ट सहने का साहस प्रदान करें।मैं उनको शत् शत् नमन करता हूं।

## रातू पुलिस ने छापामारी कर 4 किलो गांजा बरामद किया

रातू । थाना क्षेत्र के गोकुल नगर कमड़े में रविविर की रात को 4.14 किलो गांजा के साथ दो लोगो को रातू पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार गौतम कुमार सिंह पिता रामनंदन सिंह व धीरज कुमार सिंह पिता दयानन्द सिंह दोनो कौआकोल नवादा बिहार वर्तमान में राजेंद्र यादव के घर गोकुल नगर कमड़े में किराये में रहते है।जानकारी के अनुसार रविवार की रात्री नौ बजे पुलिस को हेल्पलाइन नंबर 112 से फोन आया कि राजेंद्र यादव के मकान में कुछ लोग गांजा पीकर लड़ रहे हैं तथा वहां गांजा की खरीद बिक्री होता है।सूचना पर पुअनि अनुरंजन कुमार गश्ति दल के साथ वहां पहुंचे तो झगड़ा शांत हो चुका था।दरवाजा खुलवा कर अंदर गये तो देखा कि वहां तीन युवक है तथा घर का तलाशी लेने पर काला बैग में रखा चार बंडल गांजा वजन करीब 4.14 किलो बरामद हुआ।पुछने पर गौतम व धीरज ने बताया कि उक्त गांजा को लालगुटुवा के समीप से सिमडेगा निवासी बाबा नामक व्यक्ति से 50 हजार में खरीदे हैं तथा छोटा पुड़िया बनाकर लोगो व कम उम्र के बच्चो को बेचते है। जिससे छोटे बच्चो को लत लग गई है अच्छी कमाई हो जाती है। तिसरा युवक रिषभ कुमार में बताया कि वह गैराज में काम करता है तथा उसका कोई कसुर नहीं है।पुलिस ने गांजा को जब्त कर एनडीपीएस के तहत कांड संख्या 262/24 दर्ज कर दोनो को सोमवार को जेल भेज दिया।

# केशव हैं कि मानते नहीं, फिर दिखाए अपने तेवर, कहा- सरकार के बल पर नहीं जीता जाता चुनाव

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर चर्चा हुई। ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाए हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ही जीतती है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा का चुनाव अति आत्मविश्वास से हारा गया है। ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में केशव प्रसाद ने कहा कि समाज और सरकार एक दूसरे के पूरक हैं। सरकार और संगठन दोनों मिलकर ही सरकार चलाते हैं।



भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में माता प्रसाद पांडे की नियुक्ति को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर 'पीडीए' कटाक्ष किया। यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले पीडीए का संक्षिप्त नाम तैयार किया और आरोप लगाया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी पार्टियों ने पीडीए - 'पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय के लिए कुछ नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने रविवार को सात बार के विधायक माता प्रसाद पांडे को राज्य विधानसभा में एलओपी नियुक्त किया।

सोमवार को विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए मौर्य ने अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए कहा कि अखिलेश की असलियत उजागर हो गई है. उन्होंने दोहराया कि पीडीए एक महत्वपूर्ण धोखाधड़ी का प्रतीक है और माता प्रसाद पांडे के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी। मौर्य ने यह भी बताया कि मौजूदा फीडबैक से पता चलता है कि लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने के लिए अखिलेश यादव ने लोगों को गुमराह किया, जिससे उस वर्ग के नेताओं में भारी निराशा हुई, जिनकी कई आकांक्षाएं थीं।

## जलाशय में प्लांट लगाने का विरोध के लिए मछुवारा परिवार आज करेंगें धरना प्रदर्शन

अनगड़ा । गेतलसूद जलाशय मत्स्यजीवी संघर्ष समिति अनगड़ा और ओरमांझी के बैनर तले 30 जुलाई मंगलवार को गेतलसूद जलाशय में प्रस्तावित फ्लोटिंग सोलर पैनल प्लांट का विरोध के लिए धरना प्रदर्शन बाईक रैली और पद यात्रा करने का निर्णय लिया गया है ।इस संबंध में संघर्ष समिति के सचिव भोला माहतो ने अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंचल पदाधिकारी अनगड़ा एवं थाना प्रभारी अनगड़ा को आवेदन देकर घरना प्रदर्शन करने की सूचना दे दी है।आवेदन में कहा गया है कि जलाशय में सोलर प्लांट लगाने से अनगड़ा और ओरमांझी के मछुआ परिवार बेरोजगार हो जायेंगे जिससे समस्त मत्स्यजीवीयों का जीवन यापन पर प्रभाव पड़ेगा।कहा गया है कि यह जलाशय हीं विस्थापितों एवं मछुआ परिवारों का जीविकापर्जन का एक मात्र साधन है । प्लांट लगाने से मछुआ परिवार बेरोजगारी एवं भुखमरी के कगार में आ जाएंगे।कार्यक्रम के अनुसार 11-00 बजे गेतलसूद से बाइक रैली 12-00 बजे डाक बांग्ला से प्रखंड मुख्यालय अनगड़ा तक पैदल मार्च एवं धरना प्रदर्शन तत्पश्चात मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपना सौंपा जाएगा । धरना प्रदर्शन में अनगड़ा और ओरमांझी के मछुआरा परिवार भाग लेंगे ।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी अशांति की आशंका पर चिंता जताई

मुम्बई (एजेंसी)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी अशांति की आशंका पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के विकास के लिए सामाजिक एकता जरूरी है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा क्यों सोचते हैं।रविवार शाम को सामाजिक एकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष से निपटने के केंद्र सरकार के तरीके की भी आलोचना की।मणिपुर में पिछले साल मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 200 से अधिक लोग मारे गए हैं।पवार ने कहा, ''हमारे देश के विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सामाजिक एकता आवश्यक है।तनाव और विभाजन की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है।देश में बढ़ते मतभेद के लिए जाति, धर्म और से परे एकता की आवश्यकता है।सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सरकार की है।'' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश सरकार इन मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है।

## हरियाणा की खापों में प्रेम विवाह पर बहस छिड़ी

चंडीगढ़ ।हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर प्रेम विवाह लिव इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह पर बहस छिड़ गयी है।जींद में खाप पंचायतों की बैठक के बाद नेताओं ने कहा कि प्रेम विवाह में माता पिता की शर्त जरूरी है क्योंकि कोई भी माता पिता अपने बच्चों का गलत नहीं चाहते हैं। जींद में बिनैन खाप के मुखिया रघुबीर नैन ने कहा कि हम खाप प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं हैं लेकिन माता-पिता की सहमति बहुत जरूरी है।रघुबीर नैन ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह पर भी रोक लगनी चाहिए।हम इन मुद्दों को उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे और मौजूदा सरकार पर दबाव बनाने के लिए विपक्ष के नेताओं से भी मिलेंगे।अगर हमारी मांगों और हिंदू कोड बिल में संशोधन पेश नहीं किया गया तो हम विरोध प्रदर्शन करेंगे।खाप पंचायतों की बैठक में तीनों मुद्दों पर सर्वसम्मति दिखाई दी।खाप नेता इन मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे।जींद में बैठक के बाद खाप नेताओं ने इसके संकेत दिए।हरियाणा में खाप पंचायतों के मीटिंग ऐसे वक्त पर हुई है जब राज्य में बारिश का मौसम खत्म होते ही विधानसभा चुनाव होने हैं।खाप पंचायतें पहले भी प्रेम विवाह का विरोध करती आई हैं।अब उन्होंने माता-पिता की मंजूरी का जरूरी और समान गोत्र में शादी को प्रतिबंधित करने की मांग की है।गौरतलब है कि हरियाणा कई जिलों में खाप पंचायतों का काफी प्रभाव है।

# लगातार हो रहे आतंकी हमलों की वजह: जम्मू कश्मीर के लोग ही आतंकियों को दे रहे शरण?

**जम्मू (एजेंसी)।** घर का भेदी लंका ढाह। ये कहावत जम्मू कश्मीर के उन लोगों पर सटीक बैठ रही है जो पाकिस्तान से आए आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। सुरक्षा बलों की धरपकड़ और जांच एजेंसियों की जांच में कुछ इस तरह के इनपुट मिले हैं। गिरफ्तारियों ने जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों के फिर से उभरने में स्थानीय समर्थन के संदेह को बल दिया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने अलर्ट रहकर पड़ताल की उसके बाद आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। वे हैं गम्मी का बेटा लायाकत अली उर्फ पावु जो वार्ड नंबर 7 कलना धनु परोल, बिलावर, कठुआ का रहने वाला है। दूसरा मूल राज, उर्फ जेनजू, उत्तम चंद का बेटा, बाउली मोहल्ला, मल्हार, कठुआ जिले का ही निवासी।अली और राज पीर पंजाल पर्वतमाला में घनी बस्तियों के निवासी हैं जो जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरती है। यह इलाका दक्षिण में जम्मू और उत्तर में कश्मीर घाटी से घिरा है। निवासी मीलों दूर रहते हैं। यह वह इलाका है, जहां इंटरनेट सर्विस तो दूर मोबाइल नेटवर्क भी नहीं है। यहां रात में किसी के दस्तक देने का मतलब कोई आतंकवादी है, पुलिस या कोई परिवार का सदस्य।



स्थिति गंभीर प्रश्न उठाती है। ये पाकिस्तानी आतंकवादी इस चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में घातक हमले करने और पकड़ से बचने के लिए कैसे मैनेज करते हैं? क्या उनके पास कोई स्थानीय समर्थन प्रणाली है, या वे गरीब ग्रामीणों को बंदूक की नोक पर धमकाकर या रुपयों का लालच देकर शरण ले रहे हैं? अधिकारियों ने लंबे समय से दावा किया है कि इन पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए स्थानीय समर्थन महत्वपूर्ण है, जिन्हें जगह की स्थिति की जानकारी नहीं है। एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ने कहा, स्थलाकृति और सुरक्षा लेआउट से अपरिचित विदेशी आतंकवादी स्थानीय मार्गदर्शन के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते हैं। वे अपने ठिकाने से एक कदम भी बाहर नहीं जा सकते। लेकिन उन्होंने अपनी जगह चुनी और वहीं पर हमला किया जो स्थानीय समर्थन और रास्ता दिखाए बिना संभव नहीं है। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, जंगल युद्ध में प्रशिक्षित 60 से अधिक विदेशी आतंकवादी जम्मू क्षेत्र में छोटे समूहों में सक्रिय हैं। ये समूह इरीडियम सैटेलाइट फोन और थर्मल इमेजरी सहित उन्नत तकनीक से लैस हैं। वे अमेरिकी एम4 कार्बाइन जैसे हाइटेक हथियारों का उपयोग करते हैं।

## नशे में धुत नग्न कपल सड़कों पर घूमा

नागपुर ।यहां के बजाज नगर इलाके में आधी रात को कुछ लोगों की नजर एक कपल पर पड़ी।इस कपल के शरीर पर कपड़े नहीं थे। अज्ञात नग्न जोड़े को राहगीर देखकर चौंक गये। कुछ लोगों ने कपल का वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया।वीडियो में दिखा कि महिला-पुरुष का यह जोड़ा आपस में झगड़ रहा है। वीडियो वायरल हुआ और नागपुर पुलिस ने कपल की जांच शुरू कर दी।वहां मौजूद लोगों ने दावा किया कि कपल नशे में था जबकि पुलिस का दावा है कि यह जोड़ा मानसिक रूप से अस्वस्थ्य था इसलिए कार्रवाई नहीं की गई। सड़क पर बहस करते इस नग्न जोड़े का एक वीडियो रविवार सुबह तक सोशल मीडिया पर छा गया। अधिकांश लोगों ने टिप्पणियों में शहर में अक्सर होने वाली ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। हाल ही में दो जोड़े बाइक और चलती कार में अंतरंग होते हुए वीडियो में कैद हुए थे।पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## प्रेमी के चेहरे पर फेंका तेजाब, प्रेमिका गिरफ्तार

आगरा ।आगरा में एक प्रेमिका ने अपपने प्रेमी पर तेजाब फेंक दिया।पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 27 जुलाई को हरीपर्वत क्षेत्र के शास्त्रीनगर में एक युवक अपनी दुकान पर बैठा था।तभी वहां एक महिला आई।उसने अपने थैले से एक डिब्बा निकाला और युवक के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद महिला फरार हो गई थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जब पीड़ित से पूछताछ की तो उसने बताया कि तेजाब फेंकने वाली महिला से पहले उसके प्रेम संबंध थे। वो उसकी प्रेमिका थी। जब उसने प्रेमिका से शादी करने को कहा तो उसने मना कर दिया था।इसके बाद दोनों ने एक दूसरे से दूरी बना ली थी। कुछ दिन पहले उसकी किसी दूसरी युवती से शादी तय हो गई।प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई।

## खास खबर

### नडाल पेरिस ओलंपिक के दूसरे दौर में पहुंचे

**पेरिस ।** स्पेन के राफेल नडाल ने पेरिस ओलंपिक में जीत के साथ शुरूआत करते हुए पहले दौर में मार्टन फुकसोविक्स को हरा दिया। अब दूसरे दौर में नडाल का सामना सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। नडाल और जोकोविच के बीच ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। नडाल ने फुकसोविक्स को 6-1, 4-6, 6-4 से हराया। इस मुकाबले में नडाल को दर्शकों को भी पूरा समर्थन मिला। लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। वहीं युगल में नडाल अपने स्पेनिश जोड़ीदार कार्लोस अल्काराज के साथ जीत जीतकर दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। नडाल और अल्काराज की जोड़ी ने अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी को 7-6, 6-4 से हराया।

### महिला एकल में मनिका और श्रीजा जीते, शरत हारे

**पेरिस ।** भारत की मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला अपने-अपने मुकाबले जीतकर पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस स्पर्धा के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। वहीं पुरुष वर्ग में भारत के ही शीर्ष टेटे खिलाड़ी शरत कमल राउंड ऑफ 64 में हार के साथ ही बाहर हो गये। मनिका बत्रा ने महिला एकल वर्ग के अपने एक टेटे मुकाबले में ब्रिटेन की अन्ना हर्सी को 4-1 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। मनिका ने इस मुकाबले में शुरूआत में पीछे हो गयीं पर इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए 11-8, 12-10, 11-9, 9-11, 11-5 से मैच अपने नाम कर लिया। जीत लिया। इसी के साथ ही वह महिला एकल वर्ग में राउंड ऑफ 32 में पहुंचने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं। यहां मनिका का मुकाबला फ्रांसीसी खिलाड़ी पृथिका पावड़े से होगा। वहीं भारत की ही टेटे खिलाड़ी श्रीजा ने राउंड ऑफ 64 के मुकाबले में स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग को हराकर अगले दौर में जगह बनायी। श्रीजा नेपहला गेम 11-4 से जबकि दूसरा गेम 9-11 व तीसरा गेम 11-7 से जीता। अंत में वह 11-7 से जीतकर अगले दौर में पहुंची।

### सात्विक और चिराग का दूसरे दौर का मुकाबला रद्द

**पेरिस ।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी को करारा झटका लगा है। ग्रुप सी में इस जोड़ी का दूसरे दौर का युगल मुकाबला रद्द हो गया है। पुरुष युगल में इस जोड़ी का मुकाबला जर्मनी के मार्विन सीडेल और मार्क लैम्सफूस की जोड़ी से होना पर उसे रद्द घोषित कर दिया गया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहले ही मैच में मेजबान फ्रांस के कोरवी लुकास और लेवर रोनन की जोड़ी को 21-17, 21-14 से हराया था। इससे उत्साहित इस जोड़ी को दूसरे मुकाबले में भी जीत की उम्मीद थी पर ये मैच विरोधी खिलाड़ी के चोट की वजह से नाम वापस लेने से रद्द घोषित कर दिया गया। इसका नुकसान भी भारतीय जोड़ी को हो सकता है। इस मुकाबले को लैम्सफूस के घुटने में लगी चोट के बाद नाम वापस लेने की वजह से रद्द किया गया है।

# 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पर निशाना साधेंगे मनु-सरबजोत

एजेंसी


**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के निशानेबाजी अभियान को एक और सकारात्मक सफलता मिली, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम क्वालीफिकेशन में तीसरे स्थान पर रही, जिससे कांस्य पदक मैच में उनकी जगह पक्की हो गई। मनु-सरबजोत, जिन्होंने कुल 580-20७ अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया, चौथे स्थान पर रहने वाली दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे, जिसने 579-18७ अंक




प्राप्त किए। स्वर्ण पदक का मुकाबला तुर्किये (582-18७) और सर्बिया (581-24७) के बीच होगा। रिदम सांगवान और अर्जुन सिंह चीमा 10वें स्थान पर रहे और इसलिए पदक मैच से चूक गए। मिश्रित टीम 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में, टीम के प्रत्येक सदस्य को 30 मिनट की अवधि में कुल 30 शॉट लगाने थे। शॉट्स की प्रत्येक श्रृंखला में प्रत्येक खिलाड़ी के 10 शॉट और कुल 20 शॉट होते हैं। शीर्ष चार टीमों को पदक राउंड के लिए क्वालीफाई करने का विशेषाधिकार मिला, जिसमें शीर्ष दो टीमें स्वर्ण के लिए और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें कांस्य के लिए भिड़ेंगी। रिदम और चीमा की टीम ने शॉट्स की अपनी पहली श्रृंखला के अंत में 194 अंकों के साथ पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों ने 97-97 अंक हासिल किए। दूसरी टीम मनु-सरबजोत 193 अंकों के साथ छठे स्थान पर रही, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 95 अंक मिले। अपनी दूसरी सीरीज में मनु और सरबजोत ने कुल 195 अंक हासिल किए, जिसमें मनु को 98 और सरबजोत को 97 अंक मिले। दूसरी ओर, रिदम और चीमा ने अपनी दूसरी सीरीज में 192 अंक हासिल किए, जिसमें रिदम को 99 और चीमा को 93 अंक मिले।

## पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में चौथे स्थान पर रहे अर्जुन बाबूता

एजेंसी



**पेरिस।** अर्जुन बाबूता सोमवार को पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर पुरुष एयर राइफल स्पर्धा में पोडियम स्थान के बेहद करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। बबूता ने अधिकांश समय शीर्ष तीन में जगह बनाने की कोशिश की, लेकिन अंतिम शॉट में 9.5 के स्कोर के कारण वह पीछे रह गए। इससे पहले, 60 शॉट की क्वालीफिकेशन सीरीज में बबूता ने कुल 630.1 अंक हासिल किए और सातवां स्थान हासिल किया। बबूता पेरिस 2024 खेलों में शूटिंग स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले तीसरे भारतीय हैं। पहली भारतीय मनु भाकर थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में पहुंचीं और कांस्य पदक जीता। दूसरी भारतीय रमिता जिंदल थीं, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में सातवें स्थान पर रहीं।

## टी-20 प्रारूप में 2025 के पुरुष एशिया कप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुषों के एशिया कप की मेजबानी करेगा, जबकि यह टूनार्मेंट 2027 में बांग्लादेश में 50 ओवर के प्रारूप में खेला जाएगा। एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी प्रायोजन अधिकार दस्तावेज के लिए रुचि की अभिव्यक्ति के लिए आमंत्रण के अनुसार, कुल 13 मैच टूनार्मेंट में होंगे जिसमें छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान भाग लेंगी और छठी टीम क्वालीफाइंग इवेंट के जरिए चुनी जाएगी। हालांकि तारीखों को अभी अंतिम रूप दिया जाना बाकी है, लेकिन सूत्रों ने संकेत दिया है कि देश में मानसून का मौसम खत्म होने के बाद




सितंबर में इसे आयोजित किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) 2023-27 के अनुसार, भारत का अगले साल काफी व्यस्त कार्यक्रम है, क्योंकि जनवरी-फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज होगी, उसके बाद फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी होगी। आईपीएल खत्म होने के बाद, टीम जून से अगस्त तक इंग्लैंड का दौरा करेगी और फिर तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए बांग्लादेश जाएगी। इसलिए, एशिया कप बांग्लादेश सीरीज के बाद और अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले आयोजित होने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई के सूत्रों ने स्पष्ट किया कि संभावित स्थलों के बारे में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि 2026 में कोई पुरुष एशियाई टूनार्मेंट नहीं होगा, उस साल महिला एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, उसके बाद पुरुषों का अंडर-19 और इमर्जिंग टीम एशिया कप टूनार्मेंट होगा। पिछले साल, एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में खेला गया था, जिसमें पाकिस्तान ने अपने घरेलू मैदान पर कुछ मैचों की मेजबानी की थी, जबकि भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर खिताब जीता था।

## बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी प्राची

एजेंसी

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक की एथलेटिक्स स्पर्धा में इस बार प्राची चौधरी भी उतरेंगी। बेहद कमजोर आर्थिक हालातों से उबरकर ओलंपिक तक पहुंची प्राची का लक्ष्य इसमें बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। प्राची 4 गुणा 400 मीटर महिला रिले दौड़ में उतरेंगी। प्राची ने पिछले साल 2023 में खेले गए एशियाई खेलों में भी शानदार प्रदर्शन किया था। पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए प्राची को रिले दौड़ में एमआर पूवम्मा, विथ्या रामराजज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेश और किरन पहल के साथ टीम में शामिल किया गया है। इस स्पर्धा के लिए भारतीय महिला टीम का चयन वर्ल्ड एथलेटिक्स की ओर



से मई में बहमास में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर हुआ था। चार गुणा चार सौ मीटर रिले दौड़ नौ अगस्त को शुरू होगी। इसमें सेमीफाइनल यानी हीट्स में बेहतर प्रदर्शन के साथ टॉप-आठ में स्थान बनाने पर 10 अगस्त को फाइनल में खिलाड़ी उतरेंगी। साल वर्ष 2021 में प्रतिबंधित दवा का सेवन करने के लिए इस एथलीट को डोप जांच में फेल कर दिया गया था, लेकिन बाद की जांच में सामने आया कि वह दवा गलती से ली गई थी। इसलिए उन पर लगा प्रतिबंध कम कर दिया गया।

## इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराकर 3-0 से जीती सीरीज

### स्टोक्स ने 24 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

एजेंसी

**बर्मिंघम ।** बेन स्टोक्स की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही 10 विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। स्टोक्स की इस जीत में अहम भूमिका रही। इस बल्लेबाजी ने केवल 24 गेंदों पर ही 50 रन बना दिये। स्टोक्स ने 28 गेंद में 57 रन बनाए और क्रेग ब्रैथवेट की गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। वहीं बेन डकेट ने 16 गेंद में 25 रन बनाये। इस सलामी जोड़ी ने दूसरी पारी में तेजी से खेलते हुए जीत के लिए मिले 87 रनों के लक्ष्य को 7.2 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के हासिल




कर लिया। इस मैच में वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 33 रन से खेलना पर इंग्लैंड के वुड के सामने उनकी टीम टिक नहीं पायी और 175 रनों पर ही सिमट गयी। वुड ने 40 रन देकर 5 विकेट लिये।

## फिर उत्तरप्रदेश से खेलती नजर आएंगी दीप्ति

**लखनऊ ।** महिला क्रिकेटर दीप्ति शर्मा अब एक बार फिर अपने घरेलू प्रदेश उत्तर प्रदेश की ओर से खेलती नजर आयेंगी। बीच में वह बंगाल की ओर से खेलने लगीं थीं। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसी साल उन्हें डिप्टी एसपी का पद दिया था। ऐसे में माना जा रहा है कि स्पिनर दीप्ति अब उत्तर प्रदेश की ओर से ही खेलना चाहती हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ ही दीप्ति के गृहनगर आगरा में इससे खुशी का माहौल है। साल 2017 में बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से उसे खेलने का अवसर मिला था। तब दीप्ति बंगाल चली गयी थीं। वहीं दीप्ति ने अब उत्तर प्रदेश से खेलने के लिए बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन से एनओसी मांग था जो उन्हें मिल गया है। जिससे अब उनके उत्तर प्रदेश टीम से खेलने की सभी बाधाएं समाप्त हो गयी हैं।

## भारतीय महिला युगल जोड़ी पोनप्पा-क्रैस्टो को मिली दूसरी हार

एजेंसी

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला युगल बैडमिंटन में भारत की तनिषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी को सोमवार को जापान की नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी ने हरा दिया।

क्रैस्टो और पोनप्पा को ग्रुप सी के दूसरे एकतरफा मुकाबले में दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी से 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इससे पहले, भारतीय जोड़ी को अपने अभियान के पहले मैच में भी हार का सामना करना पड़ा था। वे कोरिया गणराज्य के किम सो यियोंग और कोंग ही योंग के खिलाफ सीधे सेटों में हार गए थे। सो यियोंग-ही योंग ने भारतीय जोड़ी को 21-18, 21-10 से हराया। यह खेल 46 मिनट तक




चला।

भारतीय राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन और विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता लक्ष्य सेन शाम 5:30 बजे अपने ग्रुप एल मैच में बेल्जियम के जूलियन कैरागी से भिड़ेंगे।

सेन की योग्यता की संभावनाओं को उस समय गंभीर झटका लगा, जब ओलंपिक में बैडमिंटन पुरुष एकल ग्रुप एल मैच में ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन पर उनकी शानदार जीत को 'हटा दिया गया' क्योंकि ग्वाटेमाला के खिलाड़ी ने बाएं कोहनी की चोट के कारण बहु-खेल आयोजन से अपना नाम वापस ले लिया। कॉर्डन ने चल रहे पेरिस ओलंपिक से खुद को वापस ले लिया, जिसके लिए इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी और बेल्जियम के जूलियन कैराग्गी के खिलाफ उनके आगामी ग्रुप एल मैच नहीं खेले जाएंगे।

ग्रुप स्टेज खेल के लिए बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) सामान्य प्रतियोगिता विनियमों के अनुसार, लक्ष्य सेन और केविन कॉर्डन के बीच मैच का परिणाम हटा दिया गया था। भारतीय शटलर को ग्रुप एल में उनके शेष दो मैचों के परिणामों के आधार पर रैंकिंग दी जाएगी।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पेरिस ओलंपिक में अपनी जीत की लय जारी रखने की उम्मीद करेगी, बावजूद इसके कि जर्मनी के मार्विन सेडेल और मार्क लैम्सफस के खिलाफ उनका दूसरा ग्रुप सी मैच मार्क के घुटने की चोट के कारण रद्द हो गया, जिससे उनका तीसरा गेम जीतना जरूरी हो गया

## भारतीय टीम ने की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल

एजेंसी

**पल्लेकेले ।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने यहां दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान श्रीलंकाई क्रिकेट टीम को सात विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम ने पहला मुकाबला भी आसानी से जीता था। वहीं वर्षा प्रभावित इस दूसरे मैच में भारतीय टीम को डकवर्थ लुइस नियम से विजेता घोषित किया गया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 9 विकेट पर 161 रन ही बना पायी थी। श्रीलंकाई टीम के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक




नहीं पाये और उसके अंतिम छह विकेट 31 रनों के अंदर ही गिर गये। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 23 रन देकर 2 जबकि रवि बिश्नोई ने 26 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके बाद बारिश के कारण भारतीय टीम को डकवर्थ लुइस नियम के तहत ही 8 ओवर में 78 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। भारतीय टीम ये यशस्वी जयसवाल, कप्तान सूर्यकुमार और हार्दिक पांड्या की अच्छी बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में ही 81 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए संजू सैमसन को पारी का शुरूआत का अवसर मिला पर वह पहली ही गेंद पर आउट हो गये। इसके बाद यशस्वी ने सूर्यकुमार के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया।

इससे पहले मेजबान टीम की बल्लेबाजी के दौरान पाथुम निसांका ने 24 गेंद में 32 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 34 गेंद में 54 रन बटोर। दासुन शनाका और वानिंदु हसरंगा खाता भी नहीं खोल पाये मेजबान टीम ने 15 ओवर में दो विकेट पर 130 रन बना लिए थे पर इसके बाद मध्यक्रम के विफल होने से उसकी टीम बड़ा स्कोर बनाने में विफल रही। मध्यक्रम के विफल होने से 10 गेंद के अंदर ही 4 विकेट गिर गए।

## लक्ष्य को झटका, अमान्य घोषित हुई पहली जीत

एजेंसी

**पेरिस।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल लक्ष्य सेन की पेरिस ओलंपिक के पहले ही दौर में मिली जीत को अमान्य घोषित कर दिया गया है। इसका कारण ये बताया गया है कि लक्ष्य ने जिस खिलाड़ी को हराया था। वह चोटिल होने के कारण ओलंपिक से बाहर हो गया है। ऐसे में अब लक्ष्य को ये मुकाबला एक बार फिर खेलना होगा। गत दिवस बैडमिंटन के एकल मुकाबले में लक्ष्य का मुकाबला ग्वाटेमाला के केविन कॉर्डन से हआ था। इस मुकाबले में लक्ष्य ने 42 मिनट के अंदर ही केविन को 21-8, 22-20 से हराया था। लक्ष्य ने पहले गेम को आसानी



से 21-8 से जीत लिया था। इसके बाद केविन ने वापसी के प्रयास किये पर अंत में लगातार छह अंक जीतकर लक्ष्य ने मैच पर कब्जा कर लिया। वहीं अब इस मुकाबले को अमान्य करार दिया गया है। जो लक्ष्य के लिए एक बड़ा झटका है। कहा जा रहा है कि कोहनी की चोट के कारण केविन ओलंपिक से ही बाहर हो गये हैं। इस परिणाम को भी रिकार्ड से हटा दिया गया है। इसका मतलब हुआ कि केविन कॉर्डन पर लक्ष्य की जीत को माना नहीं जाएगा। अब लक्ष्य को ग्रुप स्तर पर बेल्जियम के जूलियन कैरागी से खेलना होगा।

# फ्रांसीसी लोगों के गुस्से का शिकार हो रहे अर्जेंटीना के खिलाड़ी


एजेंसी

**पेरिस ।** पेरिस ओलंपिक में लोग अर्जेंटीना के खिलाड़ियों पर निशाना साधने का कोई अवसर नहीं छोड़ रहे हैं। इससे दोनो देशों के बीच तनाव की स्थिति भी बन सकती है। इसके बाद आयोजकों ने स्थानीय लोगों से कहा है कि इस प्रकार का व्यवहार न करें। इसका कारण फुटबॉल, नस्लवाद और सामाजिक परिवर्तन को कारण बताया गया है। हालात इतने खराब हैं कि अर्जेंटीना के खिलाड़ियों को अपनी फुटबॉल टीम के लिए प्रशंसक तक नहीं मिल रहे।

राष्ट्रगान के दौरान भी अर्जेंटीना की रग्बी 7एस टीम (प्यूमास) की जमकर आलोचना हुई थी। इससे प्यूमास के कप्तान गैस्टन रिवोल




भी निराश दिखे। रिवोल ने कहा, मैं इस प्रकार के व्यवहार के लिए तैयार नहीं था। भीड़ प्यूमास पर अपना गुस्सा जाहिर कर रही थी पर वास्तव में ये अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के खिलाफ ही था। इसका कारण है है लियोनल मेसी, एंजेल डी मारिया और एंजो फर्नांडीज की अर्जेंटीनाई फुटबॉल टीम ने विश्वकप में फ्रांस को हराया था। हाल ही में अर्जेंटीना कोपा अमेरिका में भी विजेता रही। कोपा अमेरिका की जीत के बाद आरोप है कि एंजो फर्नांडीज ने बस में एक नस्लवादी गाना गाया, जिसमें मुख्य रूप से अफ्रीकी मूल के खिलाड़ियों को रखने के लिए फ्रांसीसी फुटबॉल टीम का मजाक उड़ाया गया था। विविधता से भरे शहर में फुटबॉल खेलने वाले एक खिलाड़ी का यह व्यवहार सभी को हैरानल करने वाला था हालांकि बाद में इसके लिए फर्नांडीज ने माफी मांगी थी पर फ्रांस के लाखों अश्वेत इससे नाराज थे ओर जैस ही अर्जेंटीना के खिलाफ पेरिस पहुंचे उनका विरोध शुरू हो गया। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली ने भी इस मामले में स्थिति साफ करने के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। वहीं कई लोग इस आक्रोश को उत्तर और दक्षिण की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता, अधिकार और नजरिए के अंतर के रूप में देख रहे हैं। कुछ पुराने विडियो सामने आए जिसमें 2018 फुटबॉल विश्व कप जीतने के बाद फ्रांस की टीम मेसी का मजाक उड़ाते हुए दिखाई दे रही थी।




पेरिस ओलंपिक में बैलेंस बीम पर अमेरिका की महिला जिम्नास्ट शिमोन बाइल्स करतब दिखाती हुई।

# सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत आज

सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस पवित्र महीने में महादेव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही हर सोमवार और मंगलवार को व्रत किया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस बार सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत 30 जुलाई को किया जाएगा। चलिए जानते हैं मंगला गौरी व्रत की पूजा विधि और उपाय के बारे में।



### मंगला गौरी व्रत पूजा विधि

मंगला गौरी व्रत के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठें और दिन की शुरुआत महादेव और माता पार्वती के ध्यान से करें। इस दिन हरा, लाल, गुलाबी और पीले रंग के वस्त्र धारण करने चाहिए। अब मंदिर की सफाई कर संकल्प लें। माता पार्वती को 16 श्रृंगार अर्पित करें और शिव जी को धतूरा और बेलपत्र समेत आदि चीजें चढ़ाएं। अब देशी घी का दीपक जलाकर आरती करें और मंत्रों का उच्चारण करें। पूजा के दौरान मां मंगला गौरी की व्रत कथा पढ़ें। मां माता पार्वती से सुखी वैवाहिक जीवन और पति की दीर्घायु की कामना करें। अंत में फल, मिठाई और खीर समेत आदि चीजों का भोग लगाएं।



### मंगला गौरी व्रत के उपाय

मंगला गौरी व्रत के दिन स्नान-ध्यान करने के बाद माता पार्वती की पूजा करें। सोलह श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करें। मान्यता है कि इस उपाय को करने से विवाह में आ रही बाधा दूर हो जाती है। सनातन धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। सावन में पड़ने वाले मंगलवार को माता पार्वती के संग हनुमान जी की भी पूजा करें। उन्हें सिंदूर अर्पित करें। इससे जातक की कुंडली में मंगल दोष दूर हो जाता है।

# खुद को एक्टिव रखने के लिए करें प्राणायाम

बारिश की वजह से मौसम एक बार फिर से बदल गया है। अब हल्की ठंडक होने लगी है। जब भी बारिश का मौसम होता है तो ज्यादातर लोगों का मूड बदलने लगता है और आलस आना शुरू हो जाता है। इस दौरान लोगों की एक्टिविटी कम हो जाती है। इस दौरान ज्यादातर लोगों को बिस्तर पर दुबके रहने अच्छा लगता है, लेकिन एक्टिव न रहने से हम अधिक संक्रमणों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण हेल्थ को भी नुकसान पहुंचता है। इस मौसम में एक्टिव रहने के लिए खुद को मोटिवेट करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कुछ सरल योगासन आपको एक्टिव रहने में मदद कर सकते हैं। जानिए 2 ऐसे योगासन जिनकी मदद से आप एक्टिव रह सकते हैं।



### कपालभाति प्राणायाम

ये प्राणायाम शरीर को डिटॉक्सिफाई करने का एक बेहतरीन तरीका है। इस तकनीक से श्वसन तंत्र को साफ करने और शरीर को एनर्जेटिक बनाने में मदद मिलती है। यह प्राणायाम फेफड़ों से बासी हवा को बाहर निकालने और खून को शुद्ध करने में भी मदद करता है। इसे करने के लिए क्रॉस-लेग्ड स्थिति में आराम से बैठें। फिर अपने हाथों को अपने घुटनों पर अपनी पसंद की मुद्रा में रखें। अब गहरी सांस लें और अपनी नाभि को रीढ़ की ओर खींचते हुए अपनी नाक से जोर से सांस छोड़ें। इसे कम से कम 20-30 बार दोहराएं।

### नाड़ी शोधन प्राणायाम

ये प्राणायाम मानसिक स्पष्टता को बढ़ावा देता है, तनाव को कम करता है और तंत्रिका तंत्र को शांत करता है। इसे करने के लिए अपनी रीढ़ सीधी और कंधों को आराम देकर आरामदायक स्थिति में बैठें। अब अपने दाहिने अंगूठे से अपनी दाहिनी नासिका बंद करें और बायीं नासिका से गहरी सांस लें। फिर अब, अपनी दाहिनी अनामिका से अपनी बाईं नासिका को बंद करें, दाहिनी नासिका को छोड़ें और पूरी तरह से सांस छोड़ें। दाहिनी नासिका से गहरी सांस लें। दायीं नासिका को फिर से बंद करें, बायीं नासिका से सांस छोड़ें। 4 से 5 मिनट को लिए इस प्राणायाम को करें, ध्यान रखें बीच में गैप भी रखें।



# कपड़ों पर लगे इंक के दाग हटाने के टिप्स



अगर आपको भी अपने बच्चे से यह शिकायत रहती है कि वो रोजाना अपनी स्कूल ड्रेस में इंक के दाग लगाकर लाता है। जिसे आसानी से साफ करना आपके लिए नामुमकिन काम हो जाता है। तो ये खबर खास आपके लिए ही है। इंक लगी स्कूल की ड्रेस को साफ करना ना सिर्फ समय खराब करता है बल्कि आपके हाथों के लिए भी कई बार सजा की तरह बना जाता है। अगर आप भी अपने बच्चे की इंक लगी गंदी स्कूल ड्रेस धोने से डरते हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

### विनेगर और डिश सोप

कपड़े से इंक के दाग हटाने के लिए आप विनेगर और डिश सोप का इस्तेमाल कर सकते हैं। सिरके के इस उपाय को आजमाने से इंक के दाग तक आसानी से निकलने के साथ कपड़े की चमक भी पहले की तरह बनी रहती है। इस उपाय को करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में विनेगर लेकर इसमें डिश सोप मिला लें। इसके बाद इस लिक्विड को इंक लगे दाग पर लगाकर हल्के हाथों से रब करके करीब 30 मिनट तक कपड़े पर लगा रहने दें। आधे घंटे बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें।

### कॉर्नस्टार्च और दूध का उपाय

कपड़ों पर लगे इंक के दाग आप कॉर्नस्टार्च और दूध की मदद से भी साफ कर सकते हैं। इस उपाय को करने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में कॉर्नस्टार्च और दूध डालकर दोनों चीजों को अच्छे से मिलाना है। अब इस मिश्रण को इंक के दाग पर डालकर अच्छी तरह रब करके आधे घंटे के लिए कपड़े पर ही लगा रहने दें। इसके बाद कपड़े को पानी डालकर साफ कर लें।

# गुलाब के पौधों की देखभाल के तरीके

अगर आपको पौधे लगाने का शौक है और आप अपना स्पेशल गार्डन बना रहे हैं तो हो सकता है कि आपने अपने बगीचे या बालकनी में गुलाब का फूल भी लगाया हो,लेकिन यह एक ऐसा पौधा है जिसे खास देखभाल की जरूतर पड़ती है और हर कुछ दिनों में इसके मिट्टी को न्यूट्रिशनल चीजों से भरना पड़ता है। अगर इनकी मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी हुई तो ये बड़ी आसानी से सूख जाते हैं या इनमें फूल नहीं आता है। यहां हम बता रहे हैं कि आप गुलाब की जड़ों में किन चीजों को डालकर इन पौधों को हेल्दी फूलों से भरपूर बना सकते हैं।



### केले का छिलका

अगर आप केले के छिलकों को कूड़ा में फेंक देते हैं तो ऐसा ना करें। आप एक जग पानी में इन केले के छिलकों को छोटा छोटा काटकर डालें और दो दिन ढंककर रख दें। फिर इस पानी को गुलाब की जड़ों में डालें। कुछ ही दिनों में गुलाब में फूल आने लगेंगे।



### अंडे का छिलका

पौधों को भी कैल्शियम की जरूरत होती है। ऐसे में आप अंडे के इस्तेमाल के बाद इसके छिलकों को धोकर पाउडर बना लें। फिर गुलाब की जड़ पर पड़ी मिट्टी को हटाएं और अंदर इस पाउडर को डाल दें। अब इस पर मिट्टी रख दें। पौधों में कुछ दिनों में फूल आने लगेंगे।

### गाय का गोबर

गाय का गोबर बेहतरीन खाद होता है। आप सुबह के समय गुलाब के जड़ से मिट्टी निकालकर कुछ देर धूप लगने दें। फिर इस खाली गड्ढे में मुट्ठीभर गोबर डालें और मिट्टी भर दें। रोज पानी डालें। इस तरह पौधों को भरपूर पोषण मिलेगा और फूल आने लगेंगे।

### फिटकरी

आप एक जग लें और इसमें एक चम्मच फिटकरी मिला लें। अब इसे रात भर पानी में छोड़ दें। सुबह इस पानी को गुलाब की जड़ों में डाल लें। इस तरह गुलाब के पौधो में कुछ ही दिनों में कली आने लगेगी और भर भर कर फूल भी खिलेंगे।

### गंधक डालें

आप एक गिलास में पानी लें और इसमें 1 से 2 ग्राम गंधक मिलाएं। गंधक यानी पोटाश मिट्टी में जैसे ही मिलता है गुलाब की जड़ों में जान आने लगती है। इस तरह कुछ ही दिनों में गुलाब में फूल आने लगेंगे।

### कॉफी बीन्स

गुलाब की जड़ों के लिए कॉफी बीन्स भी काफी फायदेमंद होता है। आप इसकी जड़ों में अगर कॉफी बीन्स को पीसकर डालें तो ये बेहतरीन खाद की तरह काम करता है और जड़ों से पौधे को न्यूट्रिशन भेजता है।

# बच्चे को डायपर पहनाते समय ध्यान रखें ये बातें

नए पेरेंट्स अपने न्यू बोर्न बेबी की परवरिश करते समय अक्सर कई बातों को लेकर कंफ्यूजन में रहते हैं। जिसमें उनकी सबसे पहली टेंशन बच्चे को पहनाए जाने वाले डायपर को लेकर होती है। दरअसल, छोटे बच्चे बिस्तर बहुत जल्दी-जल्दी गीला करते हैं। बच्चों को ठंड लगने से बचाने और उन्हें सूखे में रखने के लिए ज्यादातर पेरेंट्स उन्हें हमेशा डायपर पहनाकर रखते हैं, लेकिन कई बार डायपर अच्छा नहीं होने की वजह से वो लीक करने लगता है और बच्चे को रैशेज या ड्राइनेस की समस्या होने लगती है। ऐसे में आइए जानते हैं बच्चे के लिए डायपर पहनाते समय किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।



डायपर ऐसा चुने जिसका कपड़ा मुलायम हो ताकि बच्चों की त्वचा को किसी भी तरह का नुकसान न पहुंचे। इसके लिए आप लिनेन या कॉटन के कपड़े का डायपर ले सकते हैं। बहुत कम लोग इस बात को जानते हैं कि नैपी पर एक रंगीन लाइन बनी हुई होती है, जो पीले से नीली होने पर यह संकेत देती है कि नैपी गीली हो गई है, इसे बदलने की जरूरत है। अगर आपके बच्चे को ज्यादा डायपर पहनने से त्वचा पर रैशेज हो गए हैं और पैर और जांघों की त्वचा लाल पड़ जाती है,तो तुरंत ही उस जगह पर ऐलोवेरा जेल लगाएं। इसके अलावा कुछ समय बच्चे को बिना नैपी के रहने दें और रैशेज वाली जगह पर बेबी क्रीम लगाएं। बच्चों के लिए हमेशा एयर टाइट प्लास्टिक कवर वाले नैपी ही इस्तेमाल करें। हर तीन से चार या ज्यादा से ज्यादा 6 घंटे बाद नैपी को जरूर बदल दें।

# दही में कौन सी चीज मिलाकर खाना फायदेमंद



बड़ी संख्या में लोग अपनी डेली डाइट में दही को जरूर शामिल करते हैं। दही प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। दही खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है और कई व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। दही को नमक या चीनी डालकर खाना सामान्य बात है। अधिकतर लोग ऐसा करते हैं, लेकिन आयुर्वेद में दही के सेवन को लेकर कई चौंकाने वाली बातें बताई गई हैं। इसमें बताया गया है कि दही में कुछ चीजें नहीं मिलानी चाहिए। ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दही खाने को लेकर की गई लापरवाही लोगों को कम उम्र में ही कई तरह की परेशानियों का शिकार बना सकती है। ऐसे में जरूरी है कि सावधानी के साथ दही का सेवन किया जाए। आज आयुर्वेदिक एक्सपर्ट से जानेंगे कि दही में किन चीजों को मिलाकर खाना नुकसानदायक है और कौन सी चीजें फायदेमंद साबित हो सकती हैं।



इसके अलावा दही कब खाना चाहिए और कब नहीं।

अब आप सोच रहे होंगे कि दही को बिना कुछ मिलाए नहीं खाना चाहिए और इसमें नमक डालकर भी नहीं खाना चाहिए, फिर दही कैसे खाया जाए। इस सवाल पर आयुर्वेद एक्सपर्ट कहती हैं कि दही में आप चीनी और गुड़ मिलाकर खा सकते हैं। जब दही में चीनी मिलाई जाती है, तब इसकी तासीर ठंडी हो जाती है और हर मौसम में इसका सेवन किया जा सकता है। हालांकि दही में गुड़ मिलाकर खाना चीनी से भी ज्यादा फायदेमंद होता है। इससे आपके शरीर को कई बेहतरीन फायदे मिल सकते हैं। अगर आप शुगर के मरीज हैं, तो दही में कम मात्रा में शहद डालकर सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा दही में मूंग की दाल, अलसी के बीज, देसी घी और आंवला मिलाकर खाने से हेल्थ को कई बड़े फायदे मिलते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और कब्ज की समस्या से राहत मिल सकती है।

# प्रोटीन से भरपूर बाजरा देगा शरीर को कई फायदे

**गेंहू-चावल की जगह आप बाजरे को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, इस को सूपर फूड भी कहा जाता है। जहां चावल में लगभग 82 % कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है वहीं गेंहू में 76% और बाजरे में 78% कार्बोहाइड्रेट मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे में कॉम्पलेक्स, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी जैसे कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इसके अलावा यह खून में चीनी की मात्रा बढ़ने से भी रोकता है। बाजरे का सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल और हार्ट हेल्दी रखने में मदद मिलती है। तो चलिए आपको बताते हैं इसे खाने से सेहत और क्या-क्या फायदे होते हैं।**

### नाश्ते में खाने से मिलेगा फायदा

एक्सपर्ट्स की मानें तो यदि बाजरे का सेवन सही समय पर किया जाए तो शरीर को ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ब्रेकफास्ट के तौर पर आप इसका सेवन कर सकते हैं। इससे आप सारा दिन एनर्जेटिक रहेंगे और आपका पेट भरा हुआ रहेगा। इसके अलावा दोपहर के भोजन में गेंहू या फिर चावल की जगह आप इसका सेवन कर सकते हैं। रात में बाजरे का सेवन करने से पाचन में मदद मिलती है। इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है जिससे आपको रात में काफी अच्छी नींद आती है।

### अच्छी मात्रा में मौजूद होता है प्रोटीन

बाजरे में लगभग 8-12 ग्राम प्रोटीन, फॉक्सटेल बाजरे में 10-12 ग्राम प्रोटीन और रागी में करीबन 7-10 ग्राम प्रोटीन मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे की अलग-अलग किस्म में भी प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। गेंहू या चावल की जगह आप इसका सेवन कर सकते हैं।

### मिनरल्स और विटामिन्स युक्त

बाजरा और रागी में बी1, बी2, बी3, बी5, बी6 और बी9 काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह विटामिन्स एनर्जी बढ़ाने, पाचन और रेड ब्लड सेल्स कोशिकाएं बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा रागी में विटामिन-के, ए, कैल्शियम, सेलेनियम और आयरन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। इसके अलावा इसमें कुछ खास एंटीऑक्सीडेंट्स बी सामिल होते हैं जो सुपरऑक्साइज रेडिकल्स का असर कम करते हैं।



### हार्ट को रखता है स्वस्थ

एक्सपट्र्स की मानें तो बाजरे में मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह हार्ट को स्वस्थ रखने के साथ-साथ उसे धड़कने में भी मदद करता है। इसमें पाया जाने वाला प्रोटीन, कार्डियोवेस्कुलर टिश्यू को बचाने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला विटामिन-बी3 हार्ट डिजीज का खतरा कम करके ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद करता है।

### फाइबर से युक्त

बाजरे में कम 1।3 से 1।8 ग्राम डाइटरी फाइबर मौजूद होता है। वहीं फॉक्सटेल बाजरे में करीबन 3 से 3.5 ग्राम, रागी में लगभग 10-1.5 ग्राम, छोटे बाजरे में लगभग 7-8 ग्राम, कोदो बाजरे में लगभग 8-9 ग्राम, बेनयार्ड बाजरे में लगभग 10-10.5 ग्राम फाइबर पाया जाता है।

# नाखूनों पर चढ़ गया है मेहंदी का रंग, ऐसे करें रिमूव

तीज त्योहार पर महिलाएं अक्सर अपने हाथों में मेहंदी लगाना पसंद करती हैं। हालांकि हाथों पर मेहंदी लगाते समय कई बार मेहंदी नाखूनों पर भी चढ़ जाती है। जिससे आपके नाखून गंदे दिखने लगते हैं। वहीं मेहंदी लगे हुए नाखूनों पर नेल पॉलिश का रंग भी निखर कर सामने नहीं आता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ आसान घरेलू नुस्खों की मदद से नाखूनों पर लगी मेहंदी को मिनटों में छुड़ा सकते हैं। नाखूनों पर लगे मेहंदी के रंग को रिमूव करने के लिए लोग अक्सर मेहंदी छूटने का इंतजार करते हैं। इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ असरदार नुस्खों के बारे में, जिसे ट्राई करके आप नाखूनों को साफ और चमकदार बना सकते हैं। तो आइए जानते हैं नाखूनों से मेहंदी का कलर रिमूव करने के टिप्स।

### नारियल के तेल का इस्तेमाल करें

नारियल के तेल की मदद से आप नाखूनों पर लगी मेहंदी को चुटकियों में छुड़ा सकते हैं। इसके लिए पैन में पानी गर्म करें। ध्यान रहे कि पानी ज्यादा गर्म ना हो। अब अपने नाखूनों पर नारियल का तेल लगाएं और फिर हाथों को पैन में रखे गुनगुने पानी में डाल दें। इसके बाद नाखूनों और उंगलियों को आपस में रब करें। कुछ ही देर में आप देखेंगे कि नाखूनों पर लगा मेहंदी का कलर गायब हो जाएगा और आपके हाथ भी पहले से ज्यादा सॉफ्ट और निखरे नजर आएंगे। ये तरीका आप नाखूनों पर लगी हेयर डाई या कलर छुड़ाने के लिए भी फॉलो कर सकते हैं।

### चीनी और नींबू की मदद लें

चीनी और नींबू का इस्तेमाल करके भी आप नाखूनों को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए छोटी कटोरी में चीनी ले लें। अब इसमें नींबू का रस डालकर घोल बनाएं। फिर इस मिक्सचर को नाखूनों पर लगाकर स्क्रब करें। ध्यान रहे कि नाखूनों को हल्के हाथों से ही रब करें। ज्यादा जोर से रगड़ने पर आपने नाखूनों में स्क्रैच आ सकते हैं। कुछ देर तक स्क्रब करने के बाद हाथों को साफ पानी से धो लें। इससे नाखूनों पर लगा मेहंदी का दाग साफ हो जाएगा।





# पति को लेकर बोलीं तापसी पन्नू

**तापसी पन्नू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' को लेकर चर्चा में हैं। वह इस फिल्म में एक बार फिर अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने वाली हैं। इससे पहले उन्होंने साल की शुरुआत में 23 जून को डेनिश बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बो से शादी की थी। दोनों लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। उन्होंने बेहद निजी तरीके से अपनी शादी को गुप्त रखते हुए एक दूसरे से शादी के बंधन में बंधने का फैसला किया था। एक इंटरव्यू के दौरान उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया था।**

इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अब वह किसी और की हसीन की दिलरुबा हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि शादी के बाद उन्हें ये कहना अच्छा नहीं लगता कि अब वो किसी की हो गई हैं। उन्होंने कहा कि शादी करने से इंसान की अपनी शख्सियत खत्म नहीं हो जाती। अभिनेत्री ने कहा, मेरा अलग व्यक्तित्व है, उनका अपना अलग व्यक्तित्व है। मैं 1.4 बिलियन लोगों के लिए हसीन हो सकती हूं, मुझे होना चाहिए, और वह पूरी दुनिया के लिए एक बेहतरीन एथलीट हो सकते हैं और उन्हें होना चाहिए। मैं उनकी नहीं हूं वो मेरे भी नहीं हुए हैं। अभिनेत्री ने कहा कि दोनों अभी एक शानदार पार्टी करने के साथ अपने रिश्ते का जश्न मनाने का फैसला किया है। तापसी ने अपनी शादी काफी गोपनीय तरीके से की थी। उन्होंने कहा कि उनकी शादी में दोनों तरफ से बेहद करीबी लोग ही शामिल थे। ये वो लोग थे, जो दोनों की जिंदगी का पिछले 10 साल से हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि शादी काफी निजी और व्यक्तिगत चीज होती है। इसके अलावा उन्होंने इसे गोपनीय बनाने के लिए कोई अतिरिक्त प्रयास नहीं किया था। अपने पति को लेकर उन्होंने कहा कि जो लोग मैथियास को नहीं जानते, उनके लिए उन्हें काफी दुख होता है। उन्होंने कहा कि वह कोई क्रिकेटर या बड़े व्यवसायी नहीं हैं, इसलिए कोई उन्हें नहीं जानता। उन्होंने कहा कि मैथियास वो व्यक्ति हैं, जो शायद बैडमिंटन में सबसे ज्यादा उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं।

# आर्यन खान की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म स्टारडम में काम करेंगी मोना सिंह



**मोना सिंह और आर्यन खान की कहानी एक चक्र पूरा कर चुकी है, जब आर्यन अपने निर्देशन की शुरुआत करते हुए मोना सिंह को अपने नए प्रोजेक्ट 'स्टारडम' का हिस्सा बना रहे हैं। यह मिलन खास है, क्योंकि 20 साल पहले आर्यन ने 'जैसी जैसी कोई नहीं' के सेट पर मोना से पहली बार मुलाकात की थी। अब, एक बच्चे के रूप में मोना को देखकर आर्यन बड़े हो गए हैं और अपनी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस नए प्रोजेक्ट की शूटिंग गोवा में चल रही है, जिसमें बॉबी देओल भी कास्ट का हिस्सा हैं।**

मोना सिंह, जिन्होंने हाल ही में 'मुंज्या' के साथ सराहना प्राप्त की है, अब आमिर खान के साथ तीसरी बार काम करने की तैयारी में हैं। उनकी आगामी फिल्म 'हैप्पी पटेल खतरनाक जासूस' इस बात का सबूत है कि उन्होंने लगातार अपने करियर में नए ऊँचाइयों को छुआ है और विविध भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। इस नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने का मौका मोना सिंह और आर्यन खान के पेशेवर रिश्ते के लिए



खास महत्व रखता है। 20 साल बाद फिर से मिलना न केवल उनके अतीत की कहानी को पूरा करता है, बल्कि उनके करियर के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण को दर्शाता है।

# खतरों के खिलाड़ी 14 के साथ कृष्णा श्रॉफ का टीवी डेब्यू

बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ की बेटी और टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ 'खतरों के खिलाड़ी 14' में अपने टेलीविजन डेब्यू के साथ धूम मचा रही हैं और पहले से ही शो में अपनी जगह बना रही हैं। पहले एपिसोड में उन्होंने अपना पहला स्टंट सिर्फ 6 मिनट और 23 सेकंड में पूरा किया। इस चुनौती में एक मिलिट्री ग्रेड एयरप्लेन के पीछे से झंडे इकट्ठा करना शामिल था और बेहद तेज़ हवा के दबाव के बावजूद, कृष्णा श्रॉफ ने इसमें सफलता हासिल की। शो के



प्रीमियर से पहले, कृष्णा ने होस्ट रोहित शेट्टी के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। कृष्णा श्रॉफ ने लिखा, पहला रियलिटी शो, पहला टीवी शो, रोहित शेट्टी के साथ पहला प्रोजेक्ट - पहली बार हमेशा खास होता है, और मेरे मामले में, यह डरावना था, लेकिन साथ ही यह मेरे लिए सबसे संतोषजनक अनुभव भी था! किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जो हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रहती है, जिसे कमरे में सबसे मजबूत महिला के रूप में चित्रित किया जाता है, मेरा विश्वास करें जब मैं यह कहती हूं। उन्होंने लिखा, खतरों के खिलाड़ी आसान नहीं था - यह मेरे जीवन का सबसे गहन और चुनौतीपूर्ण अनुभव था। ईमानदारी से कहूं तो मैं वह सब नहीं कर पाती जो मैं रोहित सर के साथ हासिल कर पाई, जिन्होंने मेरा उत्साहवर्धन किया, मेरा मार्गदर्शन किया और मुझे उससे भी आगे बढ़ाया, जिसके बारे में मुझे लगता था कि मैं सक्षम हूं, क्योंकि उन्हें मुझ पर विश्वास था। वह वास्तव में सर्वश्रेष्ठ हैं!

# वेदांग रैना के साथ फिर जुड़ा खुशी कपूर का नाम

***बोनी कपूर की लाडली बेटी और जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपना अभिनय डेब्यू किया है। हालांकि, खुशी कपूर डेब्यू से पहले से ही अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीत चुकी थीं। खुशी की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अपनी फिल्म की रिलीज के बाद अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अब खुशी एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं।***



'द आर्चीज' के बाद से ही खुशी कपूर का नाम उनके सह-कलाकार वेदांग रैना के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हाल ही में मीडिया में खुशी के फोन का वॉलपेपर कैप्चर किया गया है, जिसमें वेदांग, उनकी बहन जान्हवी कपूर और जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनकी एक तस्वीर थी। खुशी कपूर को मुंबई एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया। वह टैंक टॉप और मैचिंग जॉगर्स में नजर आईं। बिना मेकअप के और बालों को पोनीटेल में बांधे खुशी एंट्री की ओर बढ़ीं। इसी समय खुशी का वॉलपेपर मीडिया के कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों के बीच एक बार फिर खुशी और वेदांग की डेटिंग की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है। यह ब्लैक एंड व्हाइट फोटो अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह की है। इसमें खुशी पिंक साड़ी और ऑफ-शोल्डर ब्लाउज में अपने कथित बॉयफ्रेंड वेदांग के साथ खड़ी नजर आ रही हैं। वहीं, जान्हवी ने मिनी सीक्विन्ड बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है। शिखर ने प्रिंटेड शर्ट पहनी हुई है। बता दें कि इससे पहले इससे पहले करण जौहर के चैट शो, कॉफी विद करण सीजन 8 में खुशी ने वेदांग के साथ डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह और मैं सिर्फ अच्छे दोस्त हैं।





# एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आएंगे टाइगर श्रॉफ

***बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना एक्शन अवतार दिखाने के लिए तैयार हैं। एक बार फिर वे 'बागी' बनकर लौटेंगे। अभिनेता की एक्शन फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त पर चर्चा जोरों से चल रही है। 'बागी 3' की रिलीज के चार साल बाद टाइगर श्रॉफ एक बार फिर 'बागी 4' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।***

रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्माता साजिद नाडियाडवाला की आने वाली दो फिल्मों 'सिकंदर' और 'हाउसफुल 5' की शूटिंग पूरी हो जाने के बाद फिल्म 'बागी 4' का निर्माण शुरू हो जाएगा। 'हाउसफुल 5' की शूटिंग अगले महीने शुरू होगी और 'सिकंदर' अभी प्रोडक्शन में है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि 'बागी 4' इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में रिलीज होगी। शब्बीर खान और अहमद खान ने पहले भी फिल्में निर्देशित की हैं, लेकिन निर्माताओं ने अगली फिल्म के लिए अभी तक निर्देशक का चयन नहीं किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की स्क्रिप्टिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी। निर्देशक की पुष्टि के बाद अगला कदम फ्रेंचाइजी पर अगली जिम्मेदारी संभावित प्रमुख नायिकाओं को कास्ट करने की होगी। फिल्म में पहले श्रद्धा कपूर और दिशा पाटनी मुख्य नायिका का किरदार निभा चुकी हैं। दरअसल, टाइगर श्रॉफ ने इस साल की शुरुआत में अपने सोशल मीडिया पेज पर 'बागी 4' के लिए एक घोषणा टीजर जारी किया था। क्लिप में पहली तीन फिल्मों के उनके एक्शन सीन शामिल थे। इसमें यह भी दिखाया गया था कि कैसे उन्होंने अपने लिए सबसे महत्वपूर्ण लोगों, जैसे अपने प्रियजनों और यहां तक कि पूरे देश के खिलाफ लड़ाई लड़ी। वीडियो में उनके सभी हिंसक संवादों के साथ-साथ लड़ाई के दृश्य भी दिखाए गए। इसके साथ 'बागी 4' की घोषणा हुई।



# 'राजा साहब' की पहली झलक आई सामने

बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता के बाद, विद्रोही स्टार के रूप में मशहूर प्रभास, बहुप्रतीक्षित पैन इंडिया फिल्म 'द राजा साहब' के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने फिल्म की पहली झलक दिखाई, जिसमें प्रभास शानदार दिख रहे हैं और अपने पुराने ऊर्जावान आकर्षण को वापस ला रहे हैं। झलक से यह भी पता चला कि 'द राजा साहब' 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार है, जो प्रशंसकों के लिए एक उचित दावत का वादा करती है। फैन इंडिया की झलक प्रभास के एक मोटरसाइकिल पर एक खूबसूरत विंटेज लोकेशन पर धमाकेदार एंट्री के साथ शुरू होती है। इसके बाद वह अपनी बाइक से उतरते हैं, सूरजमुखी का गुलदस्ता थामे हुए और खुद पर फूल लगाने से पहले बाइक के शीशे में खुद को निहारते हैं। बीजीएम पूरी तरह से दृश्य के साथ तालमेल बिठाता है, जिससे यह देखने में शानदार लगता है। फ़िलहाल, फ़िल्म की 40% शूटिंग पूरी हो चुकी है, और 2 अगस्त से एक और बड़ा शेड्यूल शुरू होने वाला है। फ़िल्म में संगीतकार एसएस थमन का संगीत है, जिसमें राम लक्ष्मण मास्टर्स और किंग सोलोमन ने फाइट कोरियोग्राफी संभाली है, जो बड़े पर्दे पर सीटी बजाने लायक पलों की गारंटी देता है।

# ग्रीन साड़ी पहन रश्मिका मंदाना ने लूटी महफिल



**रश्मिका मंदाना साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत चुकी हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर भी अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस को दिवाना बनाती रहती हैं।**

चाहे वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल रश्मिका हर आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगती हैं। हाल ही में रश्मिका मंदाना ने अपने देसी लुक्स का जादू फैंस पर चलाया है। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साड़ी में अपनी कुछ दिलकश तस्वीरें शेयर की है, जिसपर गोल्डन प्रिंट है। रश्मिका ने साड़ी के साथ ग्रीन कलर का कटस्लीव ब्लाउज वियर किया है। इसके साथ एक्ट्रेस ने अपनी साड़ी के साथ मैचिंग का ही एक हार्ट शेप बैग भी कैरी किया है, जिसपर उनके नाम के इनिशियल यानी 'RM' लिखा है। रश्मिका मंदाना ने लाइट टोन मेकअप और बालों को जूड़ा बनाकर अपना लुक कम्प्लीट किया है। उन्होंने अपने बालोंको गुलाब के फूलों से भी सजाया है। वहीं एक्ट्रेस ने कानों में गोल्डन लॉन्ग ईयरिंग्स कैरी किए हैं। तस्वीरों में रश्मिका मंदाना एक से बढ़क एक अंदाज में पोज देती नजर आ रही है। सावन के मौसम में हरी-भरी साड़ी पहन रश्मिका ने फैंस का दिल ही जीत लिया है।



# सायरा बानो से शादी करना चाहते थे संजय दत्त

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो ने अभिनेता संजय दत्त के जन्मदिन पर एक भावुक कर देने वाला पोस्ट किया और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सायरा बानो ने कहा कि संजय दत्त हमेशा से दिलीप कुमार के परिवार की तरह रहे हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने एक घटना को भी साझा किया, जब अभिनेता ने कहा था कि वह सायरा बानो से शादी करना चाहते हैं। अभिनेत्री सायरा ने दिलीप कुमार के साथ संजय दत्त की एक तस्वीर साझा की और लिखा, 'संजय दत्त हमेशा मेरे लिए एक परिवार की तरह रहे हैं। मेरा पूरा परिवार, अम्मा जी से लेकर आपाजी, साहब तक और मेरे लिए, हमने उन्हें एक छोटे बच्चे से लेकर आज एक शानदार व्यक्ति के रूप में बड़ा होते देखा है।' सायरा ने आगे लिखा, मुझे अभी भी याद है जब नरगिस आपा हमारे घर फंक्शन के लिए आती थीं और वह प्यारा और अच्छा दिखने वाला बच्चा भी उनके साथ आता था। नरगिस जी तब उससे हाथ मिलाती थीं और कहती थीं, 'चलो, सायरा जी को बोलो तुम क्या बोलते हो मुझे?' और फिर संजू मेरी तरफ देखते और प्यारी सी आवाज में कहते, मैं शैला बानो से शादी करूंगा।' उन्होंने लिखा, 'कितना प्यारा! मुझे लगता है कि शर्मिला टैगोर और मैं संजू के सबसे पसंदीदा थे।'



## संजय को दी जन्मदिन की शुभकामना

**अभिनेत्री सायरा बानो ने आगे लिखा, 'कई हाथों से काम आसान हो जाता है और हम सभी ने उनके सफर का हिस्सा बनने का लुत्फ उठाया है। मेरे दिल में उनके लिए एक खास जगह है। मेरे सारे प्यार और आशीर्वाद के साथ, मैं उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं देती हूं।'**

# धनुष की फिल्म रायन ने पहले वीकेंड में 43 करोड़ की कमाई की

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष की फिल्म रायन ने अपने पहले वीकेंड के दौरान 43 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। धनुष की तमिल एक्शन-ड्रामा 'रायन' 26 जुलाई को सिनेमाघरो में रिलीज हुयी है। फिल्म को क्रिटिक और दर्शकों दोनों का ही प्यार मिल रहा है। फिल्म रायन, धनुष के लिए कई मामलों में खास है। यह उनकी 50वीं फिल्म है और फिल्म को उन्होंने खुद निर्देशित भी किया है। फिल्म रायान, तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज की गयी है। फिल्म रायन ने पहले दिन 13.65 करोड़,दूसरे दिन 13.75 करोड़ और तीसरे दिन 15.61 करोड़ की कमाई की है। इस तरह फिल्म रायन अपने पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनों में 43 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म में एक शख्स के बदले की कहानी दिखाई गई है। फिल्म रायन में धनुष



के अलावा, प्रकाशराज, संदीप किशन, अपर्णा बालमुरली और दुशारा विजयन जैसे कलाकार भी है। फिल्म रायन में एआर रहमान का म्यूजिक है।

# विकासशील औद्योगिक सेक्टर-164 का सीईओ ने किया दौरा

## किसानों से समन्वय स्थापित कर विवादित भूखंडों का करें निपटारा : डा. लोकेश एम





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण विकासशील औद्योगिक सेक्टर-164 को शीघ्र संचालित करने कस लिए तत्पर है। इसी कड़ी में नोएडा प्राधिकरण सीईओ डॉ. लोकेश एम. ने औद्योगिक सेक्टर-164 का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया। सीईओ के साथ सिविल विभाग के उप महाप्रबंधक विजय रावल और वरिष्ठ प्रबंधक सतेंद्र गिरि और प्रबंधक वैभव नगर भी मौजूद रहे।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-164 नोएडा का एक महत्वपूर्ण विकासशील औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें कुल 67 औद्योगिक भूखंड नियोजित हैं। इनमें से 58 भूखंडों का कब्जा देने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, जिनमें से 14 भूखंडों का भौतिक कब्जा उद्यमियों को दिया जा चुका है। शेष 9 भूखंड आंतरिक भू-विवाद के कारण आवंटित या कब्जा नहीं दिए जा सके हैं। प्राधिकरण इन विवादों को सुलझाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर में विकास कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं। आंतरिक सड़कों का निर्माण 8 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जबकि 5 करोड़ रुपये की लागत से नालियों का निर्माण हो रहा है। सड़क निर्माण कार्य अगले 15 दिनों में और नालियों का निर्माण अगले दो महीनों में पूरा होने की संभावना है।

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने निर्देश दिए कि जहां भी भू-विवाद मौजूद हैं और भूमि अधिग्रहण न होने के कारण कार्य बाधित हैं, उन मामलों में संबंधित काश्तकारों के साथ उचित समन्वय स्थापित करते हुए भूमि का अधिग्रहण सुनिश्चित किया जाए।


# पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी ट्रैफिक के नए कार्यालय का किया लोकार्पण



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-14ए परिसर में नवीनीकृत पुलिस उपायुक्त यातायात कार्यालय/मीटिंग हाल का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण करने के बाद उन्होंने मीडिया को सम्बोधित किया।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए कमिश्नर ने कहा कि नवीनीकृत यातायात कार्यालय अत्याधुनिक संसाधनों /हाईटेक सीसीटीवी कैमरों से युक्त है एवं नई तकनीक और सुविधाओं से सुसज्जित, यह कदम यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाएगा। उन्होंने कहा कि नोएडा में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस लगातार तत्पर है।

इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था शिवहरी मीना, पुलिस उपायुक्त नोएडा रामबदन सिंह, पुलिस उपायुक्त यातायात यमुना प्रसाद, पुलिस उपायुक्त अनिल कुमार एवंवरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# नोएडा की शटलर अग्रिमा कर रही है कमाल

## गोरखपुर में बनी चैंपियन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा की शटलर अग्रिमा ने अपने शानदार खेल से सबको हैरान कर दिया है। अग्रिमा ने अपने शानदार खेल के बलबूते उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में हुई दूसरी यूपी स्टेट मेजर सब जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब जीतकर नोएडा का नाम रोशन किया है।



ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गैलेक्सी वेगा सोसाइटी में रहने वाली अग्रिमा सिंह ने महज 6 वर्ष की उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। बैडमिंटन के जुनून ने उन्हें नोएडा का एक शानदार शटलर बना दिया है। नोएडा की शटलर अग्रिमाने गोरखपुर में आयोजित दूसरी यूपी स्टेट चैंपियनशिप के अंडर-15 वर्ग एकल में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता।

अग्रिमा ने इससे पूर्व नोएडा में हुई यूपी स्टेट मेजर सब जूनियर टूर्नामेंट में भी खिताब जीत का नोएडा का नाम रोशन किया था। शटलर अग्रिमा के पिता विक्रम प्रताप सिंह सचान ने बताया कि लगातार दो स्टेट टूर्नामेंट में शानदार जीत दर्ज करने वाली उनकी बेटी अब केरल में प्रस्तावित राष्ट्रीय सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। शटलर अग्रिमा के पिता विक्रम प्रताप ने बताया कि उनकी बेटी का लक्ष्य बड़ा है और उसको हासिल करने के लिए अग्रिमा कड़ी मेहनत करती है। उसका खेल दूसरे खिलाड़ियों से अलग है और उसमें गजब की ऊर्जा है। गोरखपुर में स्टेट चैंपियनशिप जीतने के बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गैलेक्सी वेगा सोसाइटी में रहने वाले गर्व महसूस कर रहे हैं। अग्रिमा को सोसायटीवासियों के साथ ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट तथा नोएडा के निवासी बधाई दे रहे हैं और चाहते हैं कि अग्रिमा बड़े-बड़े टूर्नामेंट खेल कर पदक जीते तथा परिवार व नोएडा का नाम रोशन करें।

# ...वर्ना दिल्ली की सड़कों पर मवेशी बांधेंगे डेयरी संचालक

## भारतीय किसान यूनियन मंच ने की आंदोलन की घोषणा

**नोएडा ( चेतना मंच )।**

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में गणेश्वरम रेस्टोरेंट सेक्टर-45 में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई जिसमें दिल्ली प्रदेश के पशुपालकों की समस्या पर चर्चा हुई जिसमें गाजीपुर डेरी फार्म,मक़सूदपुर डेरी फार्म,मदनपुर डेरी फार्म,गोयला डेरी फार्म,ककरोला डेरी फार्म,नगली डेरी फार्म,भिलसवा डेरी फार्म,शाहबाद दौलतपुर,झरोदा,घोगा सभी फार्म डेयरी के सभी सम्मानित प्रधान व पशुपालक शामिल हुए



इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने बताया कि वर्ष 1976 में देरी किसानों को मास्टर प्लान के तहत 10 डेरी फार्म बनाकर दिल्ली के बॉर्डर पर बसाया गया था जिसमें से गाज़ीपुर डेरी फार्म, मदनपुर डेरी फार्म, मकसूदपुर डेरी फार्म इन तीनों डेरी फार्म को डीडीए ने बनाया और अब डीयूएसआईबी के पास है बाकी सात डेरी फार्म एमसीडी द्वारा बनाए गए गोला डेरी फार्म, नगली डेरी फार्म, ककरोला डेरी फार्म, शाहबाद दौलतपुर डेरी फार्म, भीलसवा डेरी फार्म, झरोदा डेरी फार्म और गोगा डेरी को वर्ष 2007 में बनाया गया अब इन डेरी फार्म को उजड़ने का कार्य केंद्र सरकार और दिल्ली की प्रदेश सरकार कर रही है इन सभी पशुपालकों को भारतीय किसान यूनियन मंच उजड़ने नहीं देगा भारत सरकार और दिल्ली प्रदेश की सरकार इन 10 डेरी फार्म के पशुपालकों का शोषण तत्काल बंद करना होगा अन्यथा भारतीय किसान यूनियन मंच केंद्र सरकार और दिल्ली प्रदेश सरकार के खिलाफ जन आंदोलन शुरू करेगा

भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार और दिल्ली प्रदेश सरकार ने पशुपालकों की समस्या का समाधान नहीं किया तो दिल्ली की सड़कों पर पशु बांधकर आंदोलन होगा इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र सरकार में दिल्ली प्रदेश सरकार की होगी

इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेंद्र प्रधान चरण सिंह प्रधान सूरज प्रधान राष्ट्रीय महासचिव गौतम लोहिया मीडिया प्रभारी अशोक चौहान उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मानविंदर भाटी रिंकू यादव उमंग शर्मा महानगर अध्यक्ष अमित बसोया गजेंद्र बसोया रोहित शर्मा राजवीर चौहान अमित भाटी कृष्णा भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों को मिलेगी12 घंटे बिजली

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने यह फैसला जेवर विधानसभा क्षेत्र से विधायक धीरेन्द्र सिंह के प्रयासों के बाद लिया है। श्री योगी ने फैसला लिया है कि अब पूरे प्रदेश में किसानों को 12 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाएगी।



(फाइल फोटो)

बता दें कि पश्चिम क्षेत्र में बरसात कम होने की वजह से जेवर क्षेत्र के ग्राम ख्वाजपुर के किसानों ने जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह से पश्चिम क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश में किसानों के लिए 10 घंटे की बजाय 12 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराए जाने की मांग की थी। इसके बाद जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा से मुलाकात की थी। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के प्रस्ताव पर गौर करते हुए उत्तर प्रदेश के किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया गया है। योगी सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अगर किसी कारणवश अथवा किसी फॉल्ट की वजह से विद्युत विभाग कृषकों को 12 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध नहीं कर पा रहा है तो वह आपूर्ति विद्युत विभाग को पूरी करनी पड़ेगी।

इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के हित में लिए गए निर्णय के लिए वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा का धन्यवाद करते हैं। सरकार के इस फैसले से प्रभावित किसानों को काफी लाभ होगा।

# ईवीएम मशीनों की सुरक्षा में न हो चूक : मनीष कुमार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट में पहुंचकर ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में निरीक्षण के दौरान स्टाफ से वार्ता करते हुए संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीसीटीवी का भी अवलोकन किया गया, जो की क्रियाशील पाए गए। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने वेयर हाउस के बाहरी परिसर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस की सभी व्यवस्थाओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

